नई दिल्ली
शुक्रवार, 28 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शेयर बाजार ने रचा इतिहास

## 31 साल में दूसरी बार हुआ ये कारनामा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। जिसमें लगातार तीन दिनों तक नए रिकॉर्ड बनें। सेंसेक्स ने पहले 78 हजार के लेवल को क्रॉस किया तो उसके 24 घंटे के बाद 79 हजार अंकों के लेवल को भी पार कर गया। तीन दशकों में दूसरी सबसे तेज स्पीड के साथ निफ्टी में 1000 अंकों की तेजी देखने को मिली। निफ्टी गुरुवार को 24 हजार अंकों को पार कर गया है। 23 हजार से 24 हजार अंकों तक पहुंचने के लिए निफ्टी को इस बार सिर्फ 23 कारोबारी दिन लगे हैं।







राष्ट्रपति ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को किया संबोधित

# आज का भारत दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है: द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन था। उन्होंने सबसे पहले लोकसभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे।

इससे पहले मुर्मू राष्ट्रपति भवन से घुड़सवार अंगरक्षकों के साथ संसद भवन पहुंचीं। प्रधानमंत्री मोदी, लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी ने संसद भवन के गज द्वार पर उनका स्वागत किया। यहां से उन्हें पारंपरिक राजदंड 'सेंगोल' की अगुवाई में निचले सदन के कक्ष तक ले जाया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है। विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की है। जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक, पोषण से लेकर सस्टेनबल एग्रीकल्चर तक हम अनेक समाधान दे रहे हैं। सरकार ने गरीबों के जीवन की गरिमा से लेकर उनके स्वास्थ्य तक को राष्ट्रीय महत्व का विषय बनाया है। मुर्मू ने कहा कि सरकार पेपर लीक की हालिया घटनाओं ⏩ शेष पेज 5 पर

मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को रखा सामने, राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

आपातकाल को 'संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय' बताया



### दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व दे रही है। पीएलआई योजना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पारंपरिक सेक्टर्स के साथ-साथ ⏩ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने राष्ट्रपति के संबोधन को प्रगति और सुशासन का 'रोडमैप' बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति जी का अभिभाषण व्यापक और और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने अभिभाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की उपलब्धियों और संभावनाओं के साथ-साथ ⏩ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति के अभिभाषण को विदेशी राजदूतों ने सराहा बोले- शताब्दी भारत की है और वह उसे आर्थिक रूप से विकसित होते हुए देखना चाहते हैं

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा गुरुवार दिए गए अभिभाषण की भारत में तैनात कई देशों के राजदूतों ने सराहना की है। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉग ने कहा कि निश्चित ही यह शताब्दी भारत की है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति अभिभाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि आज सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के दोनों सदनों को किए जाने वाले संबोधन का हिस्सा बनने के लिए गृह मंत्रियों के साथ शामिल हुआ। यह वास्तव में भारत की शताब्दी है। हमारे उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों को और भी ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर तत्पर हैं। इसी तरह से डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने राष्ट्रपति अभिभाषण को शानदार बताते हुए कहा कि डेनमार्क, भारत को एक मजबूत आर्थिक ताकत के रूप में उभरते हुए देखने के लिए उत्सुक है। ⏩ शेष पेज 5 पर

कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के कुछ दिन बाद ही रेलवे बोर्ड को भेजा गया प्रस्ताव

## बदलाव: वंदे भारत और गतिमान एक्सप्रेस की स्पीड अब 160 से 'घटकर' 130 किमी प्रति घंटा होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में वंदे भारत और गतिमान एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें अपनी तेज रफ्तार के लिए पहचानी जाती हैं। लेकिन अब रेलवे इन ट्रेनों की स्पीड कम करने के बारे में विचार कर रहा है। हाल ही में उत्तर मध्य रेलवे ने कुछ ट्रेनों की स्पीड को कम करने की गुजारिश की है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के कंजनजंगा में हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद सुरक्षित ट्रेन परिचालन को लेकर रेलवे की चिंता बढ़ गई है। इस हादसे में 10 लोगों की जान चली गई थी। जबकि 40 लोग घायल हुए थे। इसके बाद रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई रूटों पर 'कवच' सिस्टम



लगाने का काम तेजी से कर दिया है। रेलवे के द्वारा सभी रूट और ट्रेनों को स्वदेशी टक्कर रोधी उपकरण कवच से लैस करने के काम में तेजी लाई जा रही है। इसलिए सुरक्षा कवच मिलने तक तेज गति से चलने वाली ट्रेनों की गति कम की जा रही है। कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के कुछ दिन बाद ही रेलवे बोर्ड को एक प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव में प्रीमियम ट्रेनों की रफ्तार 160 ⏩ शेष पेज 5 पर

### अब वंदे भारत समेत इन प्रीमियम ट्रेनों को 30 मिनट ज्यादा वक्त लगेगा

उत्तर केंद्रीय रेलवे ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है। इसमें ट्रेन नंबर 12050/12049 दिल्ली-झांसी-दिल्ली गतिमान एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22470/22469 दिल्ली-खजुराहो-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20172/20171 दिल्ली-रानी कमलापति-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12002/12001 दिल्ली-रानी कमलापति-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस की रफ्तार कम कराने का सुझाव दिया गया है। इस रूट पर कवच नेटवर्क तैयार करने का काम चल रहा है। रेलवे बोर्ड अगर इस सुझाव का मान लेता है, तो वंदे एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटा कम हो जाएगी। ऐसे में इनको अपना सफर तय करने में 25 से 30 मिनट का ज्यादा समय लगेगा। इन बदलावों की वजह से कम से कम 10 प्रीमियम ट्रेनों की टाइमिंग भी बदलनी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### सभी स्मार्टफोन-टैबलेट में होगा टाइप-सी पोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में भी अब एक तरह की डिवाइस के लिए एक ही तरह के चार्जर का इस्तेमाल होगा।



पहले यूरोपियन यूनियन यह कानून लागू हुआ था। अब भारत सरकार भी इस तरह के कानून को लागू करने की तैयारी कर रही है। साल 2025 से भारत में बिकने वाले सभी मोबाइल और टैबलेट में एक कॉमन टार्जर का इस्तेमाल होगा जो कि यूएसबी टाइप-सी होगा।

### राज्यसभा में 6 सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सदस्य के रूप में 6 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सभापति



जगदीप धनखड़ ने भाजपा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, बंशीलाल गुर्जर और माया नरोलिया को शपथ दिलाई। शपथ के बाद सांसद बालयोगी उमेशनाथ ने सभापति के गले में दुपट्टा डाला। कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद, भाजपा के प्रदीप कुमार वर्मा ने शपथ ली।

### चंद्रयान-4 दो हिस्सों में होगा लॉन्च : इसरो चीफ

**नई दिल्ली।** इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के



महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 को लेकर बड़ी बात बताई है। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है। इसे एक बार में नहीं, बल्कि दो अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को पूरा बनाया जाएगा।


तबीयत खराब के बाद एम्स में हुए थे भर्ती

## पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी 'डिस्चार्ज' होकर आ गए घर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी डिस्चार्ज होकर घर आ गए हैं। 96 वर्षीय आडवाणी को बुधवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।

जहां इलाज के बाद गुरुवार दोपहर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। एम्स के एमएस डॉ. संजय लालवानी की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी की हालत स्थिर होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। डॉ. लालवानी ने



कहा कि यूरोलॉजी संबंधी कुछ दिक्कत की वजह से पूर्व उप प्रधानमंत्री को एम्स के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था जहां यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर्स ने उनको निगरानी में रखा। फिलहाल, आडवाणी की हालत स्थिर है और वे ठीक हैं।

डीजीसीआई ने दी चेतावनी

## पेरासिटामॉल सहित 50 महत्वपूर्ण दवाइयों की क्वालिटी खराब!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जो दवाइयां घटिया निकली है उनमें पेरासिटामॉल 500 एमजी, बीपी की दवा टेल्मीसारटन, कफटीन कफ सीरप, मिर्गी की दवा क्लोनाजेपेम, दर्द की दवा डिक्लोफेनेक, मल्टीविटामिन और कैल्शियम की दवा शामिल है।

ये ऐसी दवाइयां हैं जिनका इस्तेमाल लाखों लोग करते हैं। अधिकांश लोग बुखार लगने पर खुद ही पेरासिटामोल खरीद कर खा लेते हैं। डीजीसीआई ने कहा है कि ये दवाइयां बहुत ही निम्न स्तर की बन रही हैं। डीजीसीआई ने अपनी रिसर्च में पाया है कि बालों में लगाने



वाला हीना भी सही नहीं मिल रहा है। यह भी घटिया स्तर का बन रहा है। कॉस्मेटिक केटगरी में शामिल हीना मेहंदी की गुणवत्ता बहुत खराब है। दवाओं की गुणवत्ता से संबंधित यह जांच ऐसे समय हुई है कि जब विदेश में भारतीय कफ सीरप से बच्चों की मौत भी सामने आई है। सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक इन दवाओं के ⏩ शेष पेज 5 पर

रवि अत्री से पूछताछ में बड़ा खुलासा

## 'पेपर बॉक्स' तोड़ने के लिए बुलाए जाते हैं संजीव मुखिया गैंग के एक्सपर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेपर बॉक्स तोड़ने के लिए संजीव मुखिया गैंग के एक्सपर्ट बुलाए जाते थे। रवि अत्री से पूछताछ में



यह बड़ा खुलासा हुआ है। नीट पेपर लीक विवाद में बिहार पुलिस मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की तलाश कर रही है। ईओयू से पेपर लीक जांच की रिपोर्ट और सबूत हासिल करने के बाद अब सीबीआई भी संजीव मुखिया को दबोचने के लिए अपनी टीम लगा सकती है। वहीं, यूपी पुलिस की सुपाही भर्ती पेपर लीक मामले में पकड़ा गया रवि अत्री भी संजीव मुखिया से जुड़ा हुआ है। संजीव मुखिया अगर गिरफ्तार होता है तो नीट के अलावा यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती, रिवेन्यू ऑफिसर भर्ती पेपर लीक, बिहार शिक्षक भर्ती समेत कई परीक्षाओं के पेपर लीक की गुत्थी सुलझ सकती है। यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने रवि अत्री समेत 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। रवि अत्री और राजीव नयन ⏩ शेष पेज 5 पर

### पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई उन दोनों से पूछताछ कर रही है। नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया।

*संक्षिप्त सत्र के बाद बजट सत्र महीने भर बाद आहूत होना है, विपक्ष को साधना ट्रेजरी बेंच के लिए आसान नहीं*

# संसद का टोन सेट, विपक्ष ने तेवर दिखाए तो सत्ता पक्ष भी होगा आक्रामक, ऐसे में कैसे होंगे विधायी कार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद का टोन सेट हो गया है। पक्ष और विपक्ष के म्यान से मुद्दे की तलवारें खिंच गई हैं। चुनावी मैदान में विपक्षी दलों को 'संविधान बचाओ' नारे ने कुछ सियासी 'ऑक्सीजन' दिया है। उसकी ताकत लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर बोलते हुए राहुल गांधी, सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव सहित अन्य इंडिया गठबंधन के नेताओं ने दिखाई। उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का अभिवादन करते हुए दो टूक कहा कि संसद का आकार प्रकार बदला है, विपक्ष से 'वैसा' व्यवहार न किया जाए जैसा पहले किया गया। विपक्ष ⏩ शेष पेज 5 पर

### *स्पीकर के भाषण से शिकायत*

कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रपति अभिभाषण से शिकायत नहीं। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के भाषण से भारी शिकायत है। कांग्रेस महासचिव केसी



वेणुगोपाल ने कहा, राष्ट्रपति का अभिभाषण केंद्र सरकार का प्रतिबिम्ब होता है देश जानता है। जो केंद्र सरकार लिखकर देती है राष्ट्रपति को पढ़ना होता है, लेकिन जिस आपातकाल पर खुद कांग्रेस पार्टी ने औपचारिक रूप से पूर्व में कई बार खेद प्रकट किया है उस पर लोकसभा के स्पीकर को अपने चेयर से तत्कालीन प्रधानमंत्री का नाम लेकर राजनीतिक भाषण नहीं देना चाहिए था। इससे देश में बहुत खराब मैसेज गया। वेणुगोपाल ने बकायदा कांग्रेस पार्टी की तरफ से अपनी शिकायत कलमबद्ध ⏩ शेष पेज 5 पर

### ...तो स्वस्थ परंपरा नहीं रहेगी

मामला यहीं नहीं रुका। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने ओम बिरला से मुलाकात कर उनके भाषण के खिलाफ कड़े शब्दों में आपत्ति दर्ज की। सभी ने एकसुर में कहा कि आसंदी से ऐसी राजनीतिक टिप्पणी अध्यक्ष करेंगे तो स्वस्थ परंपरा नहीं रहेगी। लोकसभा में अपेक्षाकृत ज्यादा ताकत और गिनती के साथ पहुंचा विपक्षी गठबंधन का अंदाज जितना तीखा है, उतना ही आक्रामक भाजपानीत सत्ता पक्ष का भी है। संक्षिप्त संसदीय सत्र में जब सांसदों के शपथ, नए लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन, संयुक्त संसदीय बैठक में राष्ट्रपति अभिभाषण और अभिभाषण पर दो दिनों की चर्चा के बाद सत्रावसान हो जाना ⏩ शेष पेज 5 पर



जंगल में बैठ दिल्ली की महिला को लगाई थी दो लाख की चपत, चार मोबाइल फोन बरामद

# जामताड़ा गैंग से जुड़ा ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




ठगी के लिये मशहूर झारखंड के जामताड़ा गैंग से जुड़े एक शातिर ठग को साउथ वेस्ट पुलिस ने अरेस्ट किया है। आरोपी फिशिंग लिंक के माध्यम से लोगों को चूना लगाता था। इसके पास से चार स्मार्ट फोन भी बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान अमरुल अंसारी (24) के तौर पर हुई। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार आनंद निकेतन निवासी नीलम गुप्ता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी। बताया कि एक अज्ञात नंबर से उनके पास कॉल आया।

फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि आपका एक भारतीय पोस्ट पार्सल आया है। किसी कारण से उसके आने में देरी हुई है। उन्हें तीन रुपए की पेयमेंट करनी होगी। इसके बाद उनके पास व्हाट्सएप पर ग्राहक सहायता के लिए एक लिंक भेजा गया। उन्हें एप्लिकेशन के माध्यम से भुगतान करने के लिए कहा गया। पीड़िता ने आवेदन पर अपना विवरण दर्ज किया लेकिन भुगतान नहीं हुआ। बाद में उन्हें बैंक के जरिए पता चला कि खाते से 1,79,000 रुपये और 21,000 रुपये की राशि कट गई है। पुलिस को जांच में पता चला कि यह रकम सौरभ त्रिपाठी नाम के शख्स के केनरा बैंक मुंबई में ट्रांसफर हुई है। घटना के समय फोन जामताड़ा झारखंड में एक्टिव था। पुलिस को आईएमईआई नंबर के जरिए पता चला कि आईफोन में 14 सिम कार्ड सक्रिय थे। इन नंबरों में एक का मालिक अमरुल अंसारी था। उसकी तलाश में पुलिस टीम जामताड़ा झारखंड पहुंची और उसे दबोच लिया। आरोपी अंसारी ने पूछताछ में बताया कि वह फिशिंग लिंक के माध्यम से लोगों को निशाना बनाता था। वह खुद को बैंक का ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बन लोगों से बात करता था। इसके तार अन्य साइबर अपराधियों से भी जुड़े मिले हैं। इस गिरफ्तारी के बाद दो शिकायतें अंसारी से कनेक्ट मिली हैं। आरोपी महज 10वीं कक्षा तक पढ़ा है। इसके खिलाफ झारखंड में भी चीटिंग का केस दर्ज मिला है।

## डॉक्टर को रेप के केस में जेल भिजवाने वाली महिला के खिलाफ एक्सटॉर्शन का मामला दर्ज

### मामला खत्म करने के एवज में मांगे थे 25 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अशोक विहार के एक डॉक्टर को रेप केस में फंसाने वाली महिला के खिलाफ अब एक्सटॉर्शन का मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में डॉक्टर को जेल भी जाना पड़ा था। महिला डॉक्टर से केस वापस लेने के बदले 25 लाख रुपये की डिमांड कर रही थी। पुलिस अब केस की जांच में कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अशोक विहार एरिया में रहने वाले एक डॉक्टर पिछले साल मार्च माह में शादी से जुड़ी वेबसाइट के जरिए एक युवती के संपर्क में आए थे। उनके बीच फोन पर बातचीत होने लगी। एक महीने बाद ही डॉक्टर ने युवती से बात करना बंद कर दिया। अगले महीने मई में महिला की एक दोस्त का फोन आया। उसने डॉक्टर को बताया कि युवती के पिता की तबीयत नाजुक है। डॉक्टर को मानवता के आधार पर उससे मिलने के लिए कहा गया। डॉक्टर गुजरांवाला टाउन उसके घर पहुंचे। इसके बाद युवती ने डॉक्टर के खिलाफ मॉडल टाउन थाने में रेप की शिकायत दर्ज करा दी। लेकिन डॉक्टर के समझाने के बाद महिला ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसके बाद उनके बीच अक्सर बातचीत होने लगी। अगस्त के महीने में युवती ने फिर मॉडल टाउन थाने में रेप की शिकायत दर्ज करवा दी। इस बार युवती की तरफ से एक शख्स को वकील बनाकर डॉक्टर के पास भेजा और मामला खत्म करने के एवज में 25 लाख रुपये की मांग की। डॉक्टर इसके लिए राजी नहीं हुआ, जिस कारण अक्टूबर माह में दर्ज हुए रेप के मुकदमे में डॉक्टर को जेल जाना पड़ा। अगले महीने नवंबर में ही डॉक्टर को जमानत भी मिल गई। इसके बाद डॉक्टर ने अशोक विहार थाने में युवती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले में हुई जांच के बाद पुलिस ने अब युवती के खिलाफ एक्शटॉर्शन का केस दर्ज किया है। केस में पुलिस की तहकीकात अभी जारी है।

## क्राइम ब्रांच ने इनामी ड्रग सप्लायर दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आरोपी की दो करोड़ की प्रॉपर्टी भी हो चुकी है जब्त

क्राइम ब्रांच ने 25 हजार के इनामी ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पांडव नगर के केस में वांटेड आरोपी का नाम ओडिसा निवासी चित्रसेना परिदा (39) है। इसे 2022 में कोर्ट ने भगौड़ा घोषित किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी तीन साल से फरार था। इसके बारे में मिले एक इनपूट के बाद उसे ओडिसा से पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह पिछले कई वर्षों से दिल्ली समेत कई राज्यों के ड्रग सप्लायरों को मादक पदार्थों की आपूर्ति कर रहा था। जब भी उसका कोई ग्राहक पुलिस द्वारा पकड़ा जाता था, तो वह तुरंत अपना पता ठिकाना बदल लेता था। 2022 में इसे एसटीएफ भुवनेश्वर ने भी गिरफ्तार किया था, तब इसकी दो करोड़ कीमत की संपत्ति जब्त हुई थी। गुजरात पुलिस भी इसे गिरफ्तार कर चुकी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समसुल ऊर्फ हमसुल, पुत्रः इशाक अहमद, पताः आरजेडएच–241, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 316/2018, U/S 379/411 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **समसुल ऊर्फ हमसुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **समसुल ऊर्फ हमसुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 316/2018, U/S 379/411 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **समसुल ऊर्फ हमसुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव, LD.
महानगर दंडाधिकारी–03, कमरा सं. 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8229/OD/2024

## नोएडा में सहायक पुलिस आयुक्त का बेटा हुआ साइबर ठगी का शिकार

**एजेंसी नोएडा** गौतमबुद्ध नगर में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त के बेटे को साइबर अपराधियों ने अपने जाल में फंसाकर उससे कथित तौर पर एक लाख से अधिक रुपए ठग लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त रमेश चंद्र पांडे के बेटे शुभम पांडे ने बुधवार रात थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शुभम पांडे ने अपनी शिकायत में कहा कि 16 जून को उसके पास एक फोन



आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग से बोल रहा है। शिकायत के अनुसार फोन करने वाले व्यक्ति ने पांडे से कहा कि उसने मलेशिया के लिए एक पार्सल भेजा है, जिसमें कई एटीएम कार्ड और लैपटॉप तथा अन्य संदिग्ध चीज मिली हैं इसलिए पार्सल को रोक लिया गया है और उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिकायत में पांडे ने कहा कि आरोपी ने पांडे को डरा धमका कर 17 जून को अपने खाते में 79,822 रुपए और 20 जून को अपने खाते में 27,150 रुपए डलवा लिए। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने शिकायत में कहा कि उसने कोई पार्सल नहीं भेजा लेकिन डर से उसने आरोपी को पैसे दिए हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## मंडावलीः शादी का झांसा देकर किया महिला से रेप

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से बार बार दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो व फोटो लेकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया। 37 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। महिला परिवार के साथ मंडावली क्षेत्र में रहती है। उसका पति से तलाक का केस चल रहा है। वह लक्ष्मी नगर में एक कपड़े के शोरूम में नौकरी करती थी। वहां उसकी मुलाकात शोरूम में काम करने वाले एक युवक से हुई। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे अपने घर ले गया, वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे दिया। पीते ही वह बेहोश हो गई थी। होश आने पर उसे दुष्कर्म का पता चला। इस बीच आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो ले ली थी। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर कई बार महिला से रेप किया गया।

## डिलीवरी ब्वॉय ने गढ़ी लूट की झूठी कहानी, दो भाई समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### शाहीन बागः वारदात में इस्तेमाल की थी टॉय पिस्टल

शाहीन बाग इलाके में लूट के फर्जी मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस केस में पीड़ित से आरोपी बने डिलीवरी ब्वॉय और उसके भाई समेत तीन लोगों को अरेस्ट किया है। इनसे 22 हजार रुपए, वारदात में इस्तेमाल टॉय पिस्टल, एक बाइक और घटना के समय पहने आरोपियों के कपड़े बरामद किये हैं।

आरोपियों के नाम मदनपुर खादर निवासी सोनू कुमार (34), जयकुमार (26) व मोहन नगर गाजियाबाद निवासी विकास कुमार (19) बताये हैं। पुलिस के अनुसार 23 जून की दोपहर शाहीन बाग थाने को हथियार के बल पर लूट की कॉल मिली। पुलिस मौके पर पहुंची जहां पीड़ित सोनू कुमार ने बताया कि वह ई-कार्ट कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता है।



दोपहर ढाई बजे वह शाहीन बाग में एक प्रोडक्ट देने के लिए जा रहा था। उसी समय बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने पिस्टल दिखा उससे 77 हजार रुपए लूट लिए। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण किया। पुलिस को एक फुटेज में आरोपियों की बाइक नजर आई। पुलिस बाइक नंबर के जरिए उसके मालिक जय कुमार तक पहुंच गई। वह मोहन नगर गाजियाबाद का रहने वाला था। पीड़ित और जय कुमार के पिता और घर का पता एक ही मिला। संदेह होने पर पीड़ित से गहन पूछताछ की गई, जिसके बाद उसने खुलासा किया कि जयकुमार उसका बड़ा भाई है। उसने अपने भाई जय कुमार और चचेरे भाई विकास के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल टॉय पिस्टल भी बरामद कर ली है। आरोपी सोनू कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह ई कार्ट ऑनलाइन डिलीवरी एप के साथ काम करता है। उसने बाइक खरीदने के लिए एक दोस्त से 50 हजार रुपए लिए थे। रकम लौटाने के लिए उसने भाइयों के साथ मिलकर यह कहानी गढ़ी थी। बाद में लूटी गई रकम से उसने कर्ज भी उतार दिया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः साहिल, पुत्रः विक्की, निवासीः 28/86, कस्तूरबा नगर, निकट शमशान घाट, शाहदरा, नई दिल्ली और अंकित पुत्रः जगत निवासीः 28/62, कस्तूरबा नगर, विश्वास नगर, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 80003646/24 dated 10.012024, U/s 457/380/411/34 IPC Act** के तहत एक मामला **थाना मोती नगर, दिल्ली** में दर्ज में किया गया है और इसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **साहिल और अंकित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **साहिल और अंकित** फरार हो गया (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए खुद को छुपा रहा है)। इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **साहिल और अंकित** को इस न्यायलय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमति सुकृति सिंह
एम.एम कमरा नं. 268,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8129/WD/2024

## वसंत कुंजः खाली पड़े भूखंड की दीवार गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में बृहस्पतिवार को भारी बारिश होने के कारण खाली पड़े एक भूखंड की दीवार गिर गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि दीवार ढहने के समय आसपास कोई नहीं था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार सुबह भारी बारिश हुई।

### करोलबाग जोन में की कार्रवाई

# निगमायुक्त ने जालसाजी मामले में चार अधिकारियों को किया निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में पहली बार ऐसा मामला सामने आया है जहां भवनों पर हथौड़ा गिराने वाले भवन विभाग के अधिकारियों पर ही निगमायुक्त की गाज गिर गई है और चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। बता दें कि दिल्ली नगर निगम में हाल ही में भ्रष्टाचार के चलते एसीबी ने तीन निगम अधिकारियों पर कार्रवाई की थी तो वहीं, अब जालसाजी कांड का मामला संज्ञान में आने के बाद निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने भवन विभाग के चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बुधवार को जारी एक कार्यालय ऑर्डर के अनुसार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार ने बताया कि करोल बाग में एक पूर्व उपायुक्त के हस्ताक्षर जाली बनाने के आरोपों के बाद चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।कथित तौर पर पूर्व निगम के उपायुक्त हिमांशु गुप्ता के हस्ताक्षर जाली बनाए, जो एक आईएएस अधिकारी हैं, जो 2021 में नगर निकाय से चले गए थे। मामला करोल बाग जोन का है जहां के पूर्व डीसी के नाम (जो कि कई महीने पहले दूसरे विभाग में जा चुके हैं) पर एक नोटिस दिया गया और उस पर उन्हीं डीसी के हस्ताक्षर भी कर दिए गए। हैरानी की बात ये है कि इस नोटिस पर भवन मालिक के खिलाफ कार्रवाई भी कर दी गई। निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने इसके बाद भवन विभाग के जितेंद्र कुमार सिंह, अर्नब दत्ता जेई, नरेंद्र सिंह मीणा एई, कुमार महेंद्रू एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस सख्त पहल का भाजपा ने किया स्वागत

नवनियुक्त निगमायुक्त अश्वनी कुमार द्वारा जारी यह निलंबन एवं जांच का आदेश दिल्ली नगर निगम में बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने में एक बड़ा कदम साबित होगा। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने इस मामले में कहा कि शायद पिछले दो दशक में पहली बार किसी निगमायुक्त ने भ्रष्टाचार के मामले में इतनी सख्ती दिखाई है कि स्वंय निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किया है। हम निगमायुक्त की भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस सख्त पहल का स्वागत करते हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एक वर्ष हेतु अर्थात 01.08.2024 से 31.07.2025 तक सिंचाई भवन, सेक्टर-5, पंचकूला में फोटोस्टेट कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 7.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172570325 xenconst1@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) फग्गु से फत्तेवाली (वी1) (आईडी 5710) कि.मी. 0.00 से 0.50 और 1.10 से 2.40 (II) सुरतिया से फत्तेवाली (वी1) (रोड आईडी 5711) कि.मी. 0.61 से 3.06 I(III) डीएचएस रोड से कुरंगावाली (वीटी) (रोड आईडी 5687-5688) किमी. 6.50 से 6.65 और किमी. 0.00 से 5.43, 6.65 से 9.50 और 15.80 से 16.42 में पीसी (IV) सिरसा जिले में (ग्रुप नं. 4) सिंघपुरा से बेहमान तक पंजाब बॉर्डर तक (वी1) (रोड आईडी 11740) किमी. 1.05 से 1.47 में और किमी. 0.55 से 1.05 में आईपीबी। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 379.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 156.700 से 166.150 और 168.420 से 170.110 तक पुराना दिल्ली हिसार सुलेमानकी (एनएच-10) रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4826) (हिसार निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) द्वितीय चरण 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 1355.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में बीसी चौपाल के पिछली तरफ जोहड़ पर गौघाट का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 10 कार्य। | 25.06.2024 01.07.2024 | 58.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में आरडी 31.250 से 38.000 तक पानीपत-असंध रोड (एसएच-11) की विशेष मरम्मत (एसएच कंडीशन सर्वे 2023-24) (रोड आईडी=6684)। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 486.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में उचाना में कम्पोजिट ऑफिस की वार्षिक मरम्मत। | 27.06.2024 10.07.2024 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | जमाल = जमाल में एक अदद आरसीसी सम्प वैल आकार 16-00'×25-00', एक अदद पम्प चेम्बर आकार 10-00'×12-00', सी.सी. रोड और पथ का निर्माण, 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग इत्यादि, पैनल बोर्ड के उपयुक्त आकार सहित पम्पिंग मशीनरी की स्थापना, जनरेटर सैट-100 केवीसी, 350 मिमी आई/डी डीआई राइजिंग मेन बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.06.2024 05.07.2024 | 58.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 31600 से 36750 तक आदमपुर डिस्टी. की लाइनिंग हेतु आकलन (पाइप चैनल की बजाए सी.सी. लाइनिंग)। | 25.06.2024 05.07.2024 | 38.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | 71.56- गांव ईशरहेड़ी में वीकेसी का निर्माण + 19 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 702.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | 3.00- गांव धानिया, ब्लॉक साल्हावास में पार्क को पूरा करना + 14 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 280.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव कुलाना में ग्राम सचिवालय में चौकीदार रूम का निर्माण + 12 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 218.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं के लिए अम्बाला सिटी, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 11.07.2024 | 11.95 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं के लिए हिसार, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 11.07.2024 | 12.87 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | 26.72 - गांव चमनपुरा में इंडोर जिम हॉल में हॉल का अपग्रेडेशन + 9 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 374.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में बीपीएस खानपुर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अग्निशमन प्रणाली का रखरखाव कार्य + 1 कार्य। | 26.06.2024 10.07.2024 | 547.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 16 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | ट्यूब और फ्लैप सहित आकार 10.00आर20-16पीआर के न्यू स्टील रेडियल टायर सैट्स की खरीद हेतु निविदा सूचना। | 28.06.2024 18.07.2024 | 6.07 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | किसानों को मृदा परीक्षण सेवाओं के प्रावधान हेतु इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा स्पेक्ट्रोमीटर (आईसीपी) की खरीद। | 28.06.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 1722570122 supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | 1. एफएसएल (एच) मधुबन हेतु एसीसीएस. सहित जेनेटिक एनालाइजर/ऑटोमेटेड डीएनए सिक्वेंसर की खरीद, 2. एफएसएल (एच) मधुबन हेतु एसीसीएस. सहित ऑटोमेटेड लिक्विड हैंडलिंग सिस्टम की खरीद। | 28.06.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 1722570122 supplies@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव नागला रोडां ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में अजमेर के मकान से आवरधन नाहर तक बीओईपी का निर्माण + 14 कार्य। | 26.06.2024 10.07.2024 | 176.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/380/27250/I/88/7 दि. 27.06.24

# राजधानी में झूम के बरसे बादल, चुभती-जलती गर्मी से मिली राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश हुई जिससे दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

किलोमी आईएमडी ने सुबह साढ़े नौ बजे जारी की गई अधिसूचना में कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में अगले दो घंटों के दौरान हल्की से तेज बारिश होने, कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने तथा 20-40 टर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में भारी बारिश होने के कारण खाली पड़े एक भूखंड की चारदीवारी का एक हिस्सा गिर गया। उसने बताया कि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। आईएमडी ने हालांकि यह नहीं बताया है कि दिल्ली में कब तक मानसून पहुंच सकता है, लेकिन मौसम का पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी 'स्काईमेट वेदर सर्विसेज' ने बुधवार को कहा था कि इस सप्ताह के अंत तक मानसून दिल्ली पहुंच सकता है, जिससे लोगों को मौजूदा उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। 'स्काईमेट वेदर सर्विसेज' के महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली में मानसून 29 या 30 जून को दस्तक दे सकता है। मानसून आमतौर पर 27 से 29 जून के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पिछले साल मानसून 26 जून को आया था जबकि 2022 में 30 जून को मानसून की पहली बारिश हुई थी।

## पल भर की बारिश में घंटों जाम में फंसे रहे हैं लोग : सचदेवा




**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में गुरूवार को हुई पल भर की बारिश में लोग घंटों जाम में फंसे रहे हैं तो आगे क्या होगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को दिल्ली सरकार की मानसून को लेकर किए गए दावों की पोल खोलते हुए प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी नहीं है इसके लिए तो आम आदमी पार्टी नेता हरियाणा को दोष देते रहे लेकिन नालों की सफाई के लिए तो हरियाणा सरकार जिम्मेदार नहीं है। दिल्ली सरकार आज अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है और नालों की सफाई के नाम पर भी भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। सचदेवा ने दिल्ली सरकार से अपील कि अगले 2 दिन में युद्ध स्तर पर दिल्ली के नालों की सफाई करवा दें ताकि आने वाले समय में दिल्लीवालों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। प्रेस वार्ता का संचालन कर रहे मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आतिशी की ही तरह दिल्ली के महापौर डॉ शैली ओबरॉय का वह दावा गुरूवार को धरा का धरा रह गया जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली को हमने मानसून से लड़ने के लिए तैयार कर लिया है और दिल्ली में जलजमाव नहीं होगा। कार्यालय मंत्री बृजेश राय भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 'पार्किंग शुल्क बढ़ाने पर तुली हुई हैं महापौर'

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी शासित एमसीडी पार्किंग माफिया के साथ मिलकर पार्किंग शुल्क 2 से 5 गुना बढ़ाने पर तुली हुई है और भाजपा जनता और व्यापारियों के हित में आप को पार्किंग शुल्क बढ़ाने की अनुमति नहीं देगी। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह और दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने वरिष्ठ पार्षद जय भगवान यादव और संदीप कपूर की उपस्थिति में गुरूवार एक प्रेस वार्ता में यह बातें कहीं। उन्होंने आप और महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की आलोचना की और दिल्ली में पार्किंग शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लाने के लिए उनकी निंदा की। विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि आप द्वारा शासित एमसीडी दिल्ली में पार्किंग माफिया की लंबे समय से चली आ रही मांग को मानने के लिए अड़ी हुई है, जिसमें पार्किंग शुल्क को घंटों के आधार पर लगाना और कॉलोनी श्रेणी के आधार पर पार्किंग शुल्क लगाना शामिल है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वर्तमान दरों के अनुसार कार मालिकों को एमसीडी पार्किंग में 2 घंटे के लिए 30 रुपये का भुगतान करना पड़ता था, लेकिन अब महापौर के प्रस्तावित नए शुल्क लागू होने के बाद उन्हें कॉलोनी की श्रेणी के अनुसार 50 रुपये से 75 रुपये तक का भुगतान करना होगा। मासिक

### पानी की मांग को लेकर पूर्व सांसद ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बिजवासन और पालम विधान सभा में निवासियों व भाजपा कार्यकताओं ने पानी की गंभीर समस्या को लेकर दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय द्वारका सेक्टर-20 पर दिल्ली सरकार व टैंकर माफियाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने सरकार की नाकामियों और जलबोर्ड में हुए भ्रष्टाचार के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि पालम विधान सभा के कमांड टैंक-1 पालम में 12.4 एमजीडी पानी आता है जबकि आवश्यकता 14.5 एमजीडी पानी की है और कमांड टैंक-2 मधु विहार में 10.4 एमजीडी पानी आता है जबकि आवश्यकता 11.6 एमजीडी पानी की है। प्रदर्शन के बाद बिधूड़ी ने स्थानीय लोगों के साथ अधिशाषी अभियंता दिल्ली जल बोर्ड को ज्ञापन सौंपा और लोगों की पानी की समस्या के जल्द से जल्द समाधान की मांग की।

### पक्ष-विपक्ष ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

# एमसीडी की सदन बैठक में फिर हुआ जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन बैठक पूर्ववर्ती सदन बैठकों की तरह गुरूवार को भी हंगामेदार रही और महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने हंगामे के शोर के बीच में ही नेता सदन मुकेश गोयल के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर दिए। इस दौरान कई प्रस्ताव पास हुए तो कई स्थगित किए गए। जब हंगामा थमा नहीं तो महापौर ने बीच में ही सदन बैठक को स्थगित कर दिया। बता दें कि बैठक में पहले नव नियुक्त आयुक्त अश्विनी कुमार का स्वागत किया, फिर शोक प्रस्ताव पढ़ा गया और उसके बाद आयुक्त ने जैसे ही दुर्घटना रिपोर्ट पढ़ी तो नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि यह गलत रिर्पोट दी गई है और ईमानदार आयुक्त को ऐसी गलत रिर्पोट नहीं देनी चाहिए थी, अपने अधिकारियों को निर्देश दे कि भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं करें। इसी बीच नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासन में निगम में इस कदर भ्रष्टाचार है कि वह आयुक्त को ही गलत रिर्पोट दे रहे हैं। इसे लेकर भाजपा पार्षद बैनर, तख्ती लेकर सदन में आ गए और हंगामा शुरू हो गया। दिल्ली में पानी की कमी और नालों की सफाई नहीं होने को लेकर हंगामा बढ़ता चला गया और हंगामे के बीच में ही महापौर ने प्रस्ताव पारित कर दिए। वहीं, बैठक के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक- दूसरे पर सदन न चलने देने के आरोप लगाए।




### भाजपा के पार्षद हर बार डालते हैं सदन में खलल : महापौर

महापौर डॉ. ओबरॉय ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के सभी पार्षद हर बार सदन में खलल डालते हैं और हंगामा करते हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही हंगामा किया। उन्होंने कहा कि हमनें मानसून की तैयारियों, नाले की सफाई पर चर्चा करनी थी लेकिन उस पर चर्चा नहीं हो पाई। भाजपा पिछले डेढ़ साल से जब से आप की सरकार नगर निगम में बनी है तब से एक दिन भी सदन को आराम से चलने नहीं दिया। हमारे जो मुद्दे हैं, उन पर चर्चा करनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा नगर निगम के सत्र को रोकने की लाख कोशिशों के बावजूद, सदन में विपक्ष के शोर के बीच हमने सभी मुख्य प्रस्ताव पारित कर दिए।

### 'जल संकट और नालों की सफाई के लिए भाजपा ने उठाई मांग'

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के कारण आज पूरी दिल्ली में पीने का पानी का संकट खड़ा हो गया है साथ ही अभी भी दिल्ली नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के नालों की सफ़ाई नहीं हुई है जिसकी पूरी पोल आज पहली बारिश में खुल गई। जिसके कारण नागरिकों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसे देखते हुए भाजपा के पार्षदों ने निगम सदन में पीने के पानी के संकट को खत्म करने और नालों की सफाई के लिए अपनी आवाज़ उठायी। वहीं, कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने पूर्व निगम नेता फरहाद सूरी के साथ प्रेसवार्ता कर बताया कि सदन में चर्चा नहीं होने के कारण वे सफाई मुदद्े के प्रस्ताव पर अपना पक्ष नहीं रख सकी। दिल्ली में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है और आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों को बीमार करने पर तुली है।

# गांवों के कायाकल्प के लिए दिल्ली सचिवालय में दो दिवसीय स्पेशल कैंप शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- गांवों के विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों का मौके पर किया गया निपटारा : राय
- केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के गांव के विकास के लिए 900 करोड़ रुपए का बजट किया है घोषित

दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली के गांवों के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए दिल्ली सचिवालय में गुरुवार से दो दिवसीय स्पेशल कैंप लगाया गया है। इस स्पेशल कैंप में विकास विभाग, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही दिल्ली के गांवों के विकास कार्यों से संबंधित परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों के निपटान किया। इनमें दिल्ली के सभी गांवों में सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य परियोजनाएं शामिल है।

इस स्पेशल कैंप का उद्देश्य दिल्ली के गांवों के विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों का मौके पर ही निपटान करना है। इस दौरान विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के गांवों के विकास के लिए लगभग 900 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसी कड़ी में दिल्ली के गांवों के विकास कार्य में तेजी लाने के लिए दिल्ली सचिवालय में स्पेशल कैंप लगाया गया है। केजरीवाल सरकार दिल्ली के गांवों को भी शहरों की तरह हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्पेशल कैंप के दौरान विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था। इस साल सरकार ने दिल्ली के गांवों के विकास के लिए लगभग 900 करोड़ रुपए का बजट रखा है।

गोपाल राय ने बताया कि आज इस स्पेशल कैंप के माध्यम से विधायकों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली के गांवों के विकास कार्य की लंबित प्रस्तावों पर त्वरित गति से कार्य हुआ है। साथ ही यदि किसी को अपनी विधानसभा से संबंधित फाइलों में कोई भी संदेह है तो उसका भी तुरंत निवारण किया गया है।

## 'केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर 29 जून को आप करेगी धरना-प्रदर्शन'

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने 29 जून को सड़क पर उतर कर देशव्यापी हल्ला बोल का निर्णय लिया है।

इस बात की जानकारी आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने गुरुवार को दी है। उन्होंने कहा कि में गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर पदाधिकारियों की अहम बैठक हुई। इसमें सांसद, विधायक, पार्षद, लोकसभा प्रभारी समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में लिए गए निर्णयों को बताते हुए डॉ. संदीप पाठक ने कि देश भर में आप के कार्यकर्ता केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## आतिशी को अस्पताल से मिली छुट्टी

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली



दिल्ली की जल मंत्रीआतिशी को गुरुवार सुबह लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आतिशी दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर हरियाणा से पानी छोड़ने की मांग को लेकर अनशन पर थीं और तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आतिशी को सुबह साढ़े दस बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। एलएनजेपी अस्पताल के निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आतिशी को हाइपोग्लाइसीमिया (रक्त में निम्न शर्करा) हुआ था। उन्हें शुरुआत में अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती किया गया था और स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आतिशी को गुरुवार को छुट्टी दे दी गई।

### तानाशाह का विनाश हो जाए, अब ईश्वर से यही प्रार्थना : सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली। अपने पति सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलों को बढ़ता देख उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का गुरुवार को गुस्सा फूट पड़ा और कहा कि अब ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगी कि तानाशाह का विनाश हो जाए। दरअसल कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की तीन रिमांड पर भेजे जाने के निर्णय के बाद सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अभी तक हमेशा यही प्रार्थना रही है कि ईश्वर सबको सदबुद्धि दे। लेकिन अब प्रार्थना रहेगी कि तानाशाह का विनाश हो। वहीं सुनीता केजरीवाल ने कल अरविंद केजरीवाल की कोर्ट हुई गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि उनके पति को 20 जून को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत मिल गई थी, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुरंत उस पर स्थगन आदेश ले लिया। अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया और आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि वह आदमी (केजरीवाल) जेल से बाहर न आएं। यह कानून नहीं है। यह तानाशाही है, यह आपातकाल है।

### गैर आधिकारिक सदस्यों को हटाने को दी मंजूरी, वसूला जा सकता है दिया गया वेतन

# एलजी ने दिल्ली डायलॉग कमीशन को अस्थायी रूप से किया भंग

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली



- मौजूदा सरकार द्वारा डीडीसीडी बनाने की पूरी कवायद थी केवल वित्तीय लाभ बढ़ाने के लिए : उपराज्यपाल

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसीडी) को अस्थायी रूप से भंग करने का आदेश दिया है। साथ ही इसके गैर-आधिकारिक सदस्यों को हटाने की मंजूरी भी दे दी। इन सदस्यों को अभी तक दिए गए वेतन को वापस वसूलने का विकल्प तलाशने का भी निर्देश दिया है। एलजी के आदेश में कहा गया है कि जब तक नियमों के अनुसार डीडीसीडी में उपाध्यक्ष और सदस्यों का चयन नहीं हो जाता। यह अस्थायी रूप से भंग रहेगा। इनमें सदस्यों के चयन के लिए विशेषज्ञों की स्क्रीनिंग और चयन के लिए एक तंत्र बनाया जाएगा।

आदेश में आरोप लगाया गया है कि मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने डीडीसीडी के गठन की पूरी कवायद राजनीतिक व्यक्तियों को वित्तीय लाभ देने के लिए की थी। इसमें ऐसे लोगों का चयन हुआ जिनका पक्षपातपूर्ण झुकाव पार्टी के तरफ था। यह कोशिश पसंदीदा राजनीतिक व्यक्तियों को संरक्षण देने के लिए की गई एक कोशिश है। इन पदों पर राजनीतिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों को मुख्यमंत्री की मर्जी के अनुसार इन पदों पर बने रहने की अनुमति दी गई। इनके चयन में पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से कोई स्क्रीनिंग नहीं की गई। इन सभी को सरकारी खजाने से भारी वेतन का भुगतान किया गया। जो सौंपे गए कर्तव्यों के अनुरूप नहीं था। एलजी का कहना है कि यह सभी नियमों की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए भाई-भतीजावाद और पक्षपात का मामला दिखता है। इसके अलावा दिल्ली सरकार के योजना विभाग ने रिकॉर्ड में दर्ज किया है कि डीडीसीडी के सदस्यों के बीच कोई कार्य आवंटन नहीं किया गया। ऐसे में भारी वेतन पाने वाले इन गैर-सरकारी सदस्यों का अपने पद पर बने रहना न केवल अवांछनीय, बल्कि अवैध भी है। डीडीसीडी के सभी सदस्यों को भारत सरकार के सचिव के बराबर रैंक और वेतन दिया जा रहा था। एलजी ने वित्त विभाग से डीडीसीडी के इन गैर आधिकारिक सदस्यों को दिए गए वेतन की वसूली की संभावना तलाशने को भी कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई योजनाओं सहित अन्य कार्य के लिए दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग का गठन किया था।

### एलजी ने डीडीसीडी को भंग कर की है निचले स्तर की राजनीति : भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन(डीडीसीडी) को अस्थायी रूप से भंग करने के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी के द्वारा डीडीसीडी भंग करना निचले स्तर की राजनीति है। सौरभ ने कहा कि एलजी बताएं उनकी अपनी नियुक्ति के लिए केंद्र ने कहां इश्तिहार निकला था। सौरभ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि एलजी का टेस्ट और इंटरव्यू किसने लिया जो उन्हें नियुक्त किया केंद्र सरकार और भाजपा की राज्यों में कमीशन और बोर्ड में हमेशा इसी तरह नियुक्ति होती है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाती/जनजाति कमीशन के अध्यक्ष अभी लगाये गये हैं। भाजपा के नेता हैं। सौरभ ने कहा कि वह एलजी के इस गैरकानूनी आदेश को कोर्ट में चुनौती देंगे।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
( Approved by AICTE and Affiliated to GGSIP University, New Delhi )
K-1 Extension, Mohan Garden, N.Delhi - 59
ADMISSION NOTICE
FOR MANAGEMENT QUOTA
ACADEMIC SESSION-2024-25
Eligible students are invited to apply for admission to management quota seats in the following courses using the prescribed form.
(BBA , BCA) Ist & IInd Shift
B.COM (H), B.Ed.
Eligibility & Reservations will be followed as per Statutory Policy of GNCT of Delhi / GGSIPU
Start date of issue of form: 29/06/2024
Last date of issue of form: 20/07/2024
Last date of form submission: 22/07/2024
Applications can be submitted in offline mode. Forms are available for collection at the Institute Reception between 10:00 am to 3:00 pm. For further details, Pls. Contact us at:
info@kamalinstitute.com
kamalinstitutehighereducation@gmail.com
8851735219, 9716754246

अब भूजल रिचार्ज का प्रपोजल भी आवेदन के साथ देना होगा

# जिला भूगर्भ जल प्रबंधन की बैठक में 42 में से सिर्फ 7 आवेदन स्वीकृत, 34 अस्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने गुरुवार को अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली फर्मों पर बोरवेल सील करने के आदेश दिए गए। साथ ही उन्होंने आवेदन करने वाली फर्मों को ग्राउण्ड वाटर दोगुना रिर्चाज करने के लिए प्रपोजल प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक संबोधित कर रहे थे।

यह बैठक गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के अनापत्ति निर्गमन के लिए 10 आवेदन, कूप पंजीकरण के लिए 16 आवेदन, एवं एनओसी नवीनीकरण श्रेणी के 16 आवेदनों सहित कुल 42 आवेदनों पर विचार किया गया। जिनमें से 07 आवेदन स्वीकृत एवं 34 आवेदनों पर अस्वीकृत एवं अवशेष 01 आवेदन में पाई गई कमियों के निराकरण के लिए समय दिया गया।



### पंजीकरण करवाएं

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी, जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद को निर्देशित किया कि नए आवेदनकर्ताओं को आवेदन के साथ वे भूजल रिचार्ज के लिए अपना प्रपोजल भी प्रस्तुत करना होगा। उन्होने निर्देशित किया कि सभी सोसाइटी निवासियों जो भूजल दोहन कर रहें हैं वे अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीसीपी सिटी ज्ञानंजय सिंह, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, हरिओम, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई हरिओम आदि उपस्थित थे।

### जुर्माना लगाएं

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन फर्मों पर जुर्माना लगाया गया था उनसे जुर्माना वसूला जाए। उसके बाद ही उनके आवेदनों पर विचार किया जाएगा। जिन फर्मों के द्वारा निर्धारित मांग से अधिक जल दोहन या अवैध रूप से जल दोहन किया जा रहा है, उन पर जुर्माना लगाएं। जिनके द्वारा शर्तों के अनुरूप भूजल रिचार्ज नहीं किया जा रहा है, उनके बोरवेल भी तब तक सील किए जाए जब तक वह शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करते हैं।

साइबर पुलिस ने 80 मोबाइल तलाश कर 36 फोन वापस लौटाए

# गुम हुए मोबाइल पाकर मालिकों ने पुलिस का किया तहे दिल से धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर सेल की टीम द्वारा 80 मोबाइल फोन तलाश कर मोबाइल मालिकों तक पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है जिसमें 36 मोबाइल फोन वापस लौटा दिए गए हैं। आज असल मालिकों के द्वारा मेहनत से कमाए पैसे से खरीदे गए फोन लौटाकर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गुम हुए फोन को प्राप्त करने वाले व्यक्तिगण में आमिन, अभिषेक, अरुण कुमार, भारत कुमार, ब्रिजेश, धर्मेन्द्र कुमार, धीरज, गोविन्द, जय शंकर, कुंदन कुमार, ममता, मनीष कुमार, मनतोष, मो. इमतियाज, राजू कुमार, नवल किशोर, प्रमोद कुमार, प्रेंस, रामबीर कुमार, रनधीर कुमार, सचिन, सादिक साबिर, संदीप कुमार, सोने देवी, सोनू, सुधीर कुमार, सुमित कुमार, सूरज दास, तिवारी, वीणा देवी, विपिन, विशाल सिंह, सोयब, राजेन्द्र सिंह और आकाश कुमार के नाम



### पिछले एक-दो साल से गुम थे मोबाइल

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये सभी मोबाईल पाने वाले व्यक्ति एनसीआर एरिया के फरीदाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद के आस पास के रहने वाला है। ये फोन पिछले 1-2 साल से गुम होने पाए गए है। साइबर सेल सेक्टर 30 की टीम ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लोगों के गुम हुए 80 से अधिक गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस करने उपरांत 36 मोबाइल व फोन को असल मालिक को वापस लौटाए हैं। मोबाइल फोन मालिकों ने अपने खोए हुए मोबाइल को दोबारा वापस पाकर खुशी जाहिर करते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद किया है।

## खबर संक्षेप

### सीवर सफाई के दौरान एक मजदूर की मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में सीवर साफ करने के दौरान गैस चढ़ने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दो उसे बचाने के लिए सीवर में उतरे दो श्रमिकों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर ठेकेदार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। मृतक पश्चिम बंगाल निवासी था।



### कलयुगी मां ने बेटी को सड़क किनारे फेंका

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 एरिया में एक कलयुगी मां अपनी 15 दिन की बेटी को मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर फरार हो गई। जब एक व्यक्ति की नजर सड़क किनारे रोती हुई इस मासूम पर पड़ी तो इसकी जानकारी गुरुग्राम पुलिस को दी गई। सेक्टर-29 थाना पुलिस ने मासूम को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही कलयुगी मां के खिलाफ आईपीसी 317 के तहत केस दर्ज कर लिया है।



### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना सेक्टर-43 में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक को 12 हजार 138 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के महरौली निवासी योगेश जोशी ने कहा कि उसका ऑफिस गुरुग्राम के सेक्टर-61 में है। वह बीती सांय सेक्टर-42 में था कि उसके पास



### क्रेडिट कार्ड से ऑफर का लालच 48 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना मानेसर एरिया में जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से हेल्थ इंश्योरेंस की ऑफर के नाम पर युवक से 47 हजार 972 रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिधरावली गांव के सत्यनारायण ने कहा कि वह 24 जून की सांय अपने गांव में था। इसी दौरान उसके



### वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सेहवाज उर्फ काला वासी कल्लर कॉलोनी गांव धौज का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने गस्त के दौरान चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल सहित पाली गांव बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है।



फरीदाबाद में शराब पीने के दौरान हुआ विवाद

# बीयर की बोतल से ताबड़तोड़ किया हमला, ऑटो चालक दोस्त की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद जिले के नीमका गांव इलाके में बीते 25/ 26 की रात को शराब के नशे में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर बियर की खाली बोतल से हमला कर दिया। जिसके चलते पेट में लगी बियर के कारण इलाज के दौरान घायल जितेंद्र उर्फ जीतू की मौत हो गई। फिलहाल मृतक के शव को बादशाह खान से अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया है।मृतक के जीजा सुरजीत ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि उनका साला जितेंद्र उर्फ जीतू (23) मूल रूप से यूपी के जट्टारी इलाके का रहने वाला था। जीतू घर का खर्च चलाने के लिए ऑटो चलाता था और इसी के चलते हुए फरीदाबाद के नीमजा गांव इलाके में किराए के मकान में अकेले रहता था। सुरजीत ने बताया की अभी जितेंद्र की शादी नहीं हुई थी। बीते 25 / 26 तारीख की रात को उसके पड़ोस में रहने वाले उसी के पड़ोसी दोस्त सोनू के साथ पहले उसने शराब पी फिर किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। बाद में दोनों अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए।



पैसों के अभाव में इलाज नहीं हो सका

पेट में बियर की बोतल घोंप दी, पेट बुरी तरह से फटा

*हरियाणा के फरीदाबाद जिले के नीमका गांव इलाके में बीते 25/ 26 की रात को शराब के नशे में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर बियर की खाली बोतल से हमला कर दिया। जिसके चलते पेट में लगी बियर के कारण इलाज के दौरान घायल जितेंद्र उर्फ जीतू की मौत हो गई।*

### बोतल से किया हमला

कुछ दिन बाद उसका पड़ोसी बियर की बोतल लेकर आया और जितेंद्र के साथ गाली गलौज करने लगा। जितेंद्र गाली गलौज सुनने के बाद जब अपने कमरे से बाहर निकाला तो पड़ोसी दोस्त ने उस पर बियर की बोतल से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसमें जितेंद्र के सिर से लेकर शरीर तक बियर की बोतल के चार निशान मिले हैं। आरोपी ने जितेंद्र के पेट में बियर की बोतल घोंप दी। जिसके चलते उसका पेट बुरी तरह फट गया। घटना के बाद जितेंद्र को पहले फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल लाया गया।

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इसके बाद उसके शव को फरीदाबाद के बादशाह खान की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया है। मृतक के जीजा सुरजीत ने मांग की कि जितेंद्र अपने घर में केवल इकलौता कमाने वाला था जिसकी अभी छोटी बहनों की शादी होनी है। माता-पिता बुजुर्ग है जिसके चलते उन्हें न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए बल्कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए।

### दिल्ली ले जाते वक्त हुई मौत

*यहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन दिल्ली जाने के बाद भी जितेंद्र को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। फिर उसके परिजन उसे फरीदाबाद की एक निजी अस्पताल में लेकर आए। जहां उसे भर्ती कराया जाए, लेकिन पैसों के अभाव में उसका सही से इलाज नहीं हुआ। इसके बाद फिर उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। बीते कल देर शाम को दिल्ली जाते समय जितेंद्र ने दम तोड़ दिया।*

युवक की हत्या, पुलिस बल तैनात

# रास्ता रोकने पर मारपीट बदमाशों ने की फायरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच गांव में बीती रात दो पक्षों में झगड़े में एक पक्ष ने दूसरे दलित पक्ष के लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। गोली लगने से 25 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वारदात के बाद गांव में तनाव है और पूरे गांव को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है। फिलहाल मृतक के शव को बादशाह खान सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया गया है। फतेहपुर बिल्लौच गांव निवासी सुंदरलाल ने बताया कि उनका छोटा चचेरा भाई देवेंद्र बीते कल शाम लगभग साढ़े 7 बजे बाजार जा रहा था। उन्होंने देवेंद्र को देखते ही बीच रास्ते में रोक लिया और उसे जातिसूचक अब शब्द कहे। इस बात को लेकर जब देवेंद्र ने उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद झगड़ा बढ़ता चला गया। भीड़ बढ़ने लगी तो आरोपियों ने देवेंद्र पर गोली चला दी। इसके चलते देवेंद्र को गोली लगी और वहीं पर ढेर हो गया।

### जबड़े में लगी गोली

सुंदरलाल के अनुसार इसके बाद आरोपी पक्ष ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। एक गोली बाबूलाल के जबड़े में जा लगी। इसके चलते उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं इस झगड़े में अन्य पांच छह लोगों को भी काफी गंभीर चोटें आई हैं। सुंदरलाल ने बताया कि झगड़े के बाद से ही दलित समाज में दहशत का माहौल है। आरोपी बदमाश किस्म के हैं, जिनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। फरीदाबाद सदर थाना के इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि फोन पर उनको फतेहपुर बिल्लौच गांव में झगड़े की सूचना मिली थी। वे तुरंत ही पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां पर घायल देवेंद्र जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे लेकर सर्वोदय अस्पताल जा रहे थे कि तभी रास्ते में देवेंद्र ने दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज की

वारदात के बाद पीड़ित पक्ष को तरफ से प्राप्त शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 148 ,149, 302, 506 आईपीसी 25 ,54 ,59 आर्म्स एक्ट 3 ,33,89 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे कानून शुरू कर दी गई है। फिलहाल आज मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम बीके अस्पताल में कराया जाएगा। माहौल को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



# यूपी की पहली सिटी ईव एक्सेलरेटर कार्यशाला आज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद महानगर में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के लिए 25 स्थान का चयन किया गया है, जहां पर 110 चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। लखनऊ के बाद गाजियाबाद यूपी में दूसरा शहर है जहां पर इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए कार्रवाई चल रही है। इसके लिए 28 जून को कौशाम्बी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में सुबह 10:30 बजे एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें गाजियाबाद के संबंधित सभी सरकारी विभागों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, सामाजिक संस्थाओं तथा संबंधित कंपनियों को भी आमंत्रित किया गया है। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में एक बैठक की इसको लेकर जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक की उपस्थिति में हुई और कार्य योजना बनाई गई।

यातायात पुलिस ने दिखाई सख्ती

# भारी वाहनों की नो-एंट्री चेकिंग के दौरान एक दिन में किए 59 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस वर्ष नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया है। नो एंट्री की चेकिंग के दौरान 59 वाहन चालकों के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान के तहत नो-एंट्री के यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में अब तक 1352 चालान किए गए हैं। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि भारी वाहनों के कारण शहर में होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या और सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते



हुए शहर सुबह 7 बजे से 10.30 बजे एवं शाम को 5 बजे 9 बजे तक नो एंट्री समय लागू है। नो एंट्री की चेकिंग के लिए मुख्य स्थानों एवं चौक-चौराहों पर नाकाबंदी करके यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटकर व गाडी को इंपाउंड कर के जुर्माना लगाया जाता है।

### निर्धारित समय में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय के दौरान शहर में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित हैं, नो एंट्री के समय के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रखने के लिए शहर के मुख्य स्थानों जैसे पाली चौक, हार्डवेयर चौक, सोहना टी प्वाइंट इत्यादि पर स्पेशल नाकाबंदी करके शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए भारी वाहनों के आवागमन निगरानी रखी जा रही है तथा नो-एंट्री की सूचना के लिए एंट्री प्वाईंट आदेशात्माक चिन्ह बोर्ड के माध्यम लगाए हुए है।

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला काबू

**फरीदाबाद।** थाना तिगांव पुलिस टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सन्नी निवासी बाल्मीकि बस्ती तिगांव का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से तिगांव बस स्टैण्ड के पास से चोरी के सामान इत्यादि सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी के सामान को बेचने की नियत से लेकर जा रहा था। आरोपी ने सामान को तिगांव की मार्किट कमेटी के कार्यालय से 24 जून की रात को चोरी किया था।



ड्रिंक एंड ड्राइव पर विशेष अभियान

# सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

फरीदाबाद शहर में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं वाले संभावित क्षेत्रों का निरक्षण करके ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित करके उपचारात्मक क़दम उठाए गए तथा अन्य जरूरी इंतजाम जैसे रोड मार्किंग, रोड साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सड़क के किनारे ग्रिल लगवाना, बैरिकेड्स इत्यादि के माध्यम से यातायात का डायवर्जन करके यातायात के सुगम संचालन के संदर्भ में भी भरसक प्रयास लगातार जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में सड़क दुर्घटना को नियंत्रण करने के लिए आने वाले 4 दिन तक फरीदाबाद यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।



### सख्ती से कार्रवाई करेंगे

डीसीपी ट्रैफिक ऊषा ने बताया कि शहर में शराब सेवन के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए यातायात पुलिस आगामी 4 दिनों में ड्रिंक एंड ड्राइव एवं शराब के ठेकों के आस पास के क्षेत्र में शराब पीने वाले लोगों और उन्हें शराब परोसने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। वर्ष 2024 में अभी तक ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के 567 चालान भी किए जा चुके हैं। यातायात पुलिस की कार्रवाई सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि आमजन के गंतव्य को सुरक्षा प्रदान करते हुए यातायात के संचालन को प्रभावी बनाया जा सके।

खेत में सिंचाई को लेकर विवाद का मामला

# पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या करने वाले दो अपराधी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

निवाड़ी थाना इलाके में बाग में पानी देने के विवाद के पिता-पुत्र की हत्या के मामले में गाजियाबाद पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले तीन आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 21 जून की रात्रि में थाना निवाडी के जंगल ग्राम खिंदौडा में खेत में पानी चलाने के विवाद को लेकर तीन व्यक्तियों को गोली मार दी गयी है जिसमें से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी तथा एक व्यक्ति को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निवाड़ी पुलिस ने घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल घटनास्थल पर पहुँचा गया तथा फील्ड यूनिट टीम व डॉग स्कवायड टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया व शवों के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।



### अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

अगले दिन थाना निवाड़ी पर बिलाल पुल निवासी ग्राम रसूलपुर धोलडी थाना जानी मेरठ ने तहरीर दी जिसके आधार पर मामला पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया तथा घटना करने वाले बिट्टू, दीपक व सुधीर त्यागी निवासी ग्राम खिंदौडा को गिरफ्तार कर अभियुक्त दीपक की निशादेही पर आलाकत्ल 1 अवैध पिस्टल व 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया तथा अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गुरुवार को थाना निवाड़ी इस हत्याकांड में वांछित जिलाबदर आरोपी मोहित उर्फ बादशाह प निवासी ग्राम खिंदौडा थाना निवाड़ी गाजियाबाद व उसका साथी लवली निवासी ग्राम खिंदौडा थाना निवाड़ी को गिरफ्तार किया गया।

### योजनाबद्ध तरीके से हत्या की

अभियुक्त मोहित उर्फ बादशाह ने बताया कि गांव के सुधीर व उसके पुत्र दीपक व बिट्टू का मृतक पप्पू व उसके लड़कों से खेत की सिंचाई को लेकर झगड़ा हो गया था। उन्होंने धमकी दी थी कि तुम लोग कल सुबह का सूरज नहीं देख पाओंगे। उसके बाद मैंने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पप्पू व उसके लड़कों पर गोलियां चलाई थी।

सीवर की समस्या पर नाराजगी

# समाधान न होने पर लगाया जाम, प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भीकम कॉलोनी में सीवरेज जाम की समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों ने गुरुवार को तिगांव रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान पूर्व विधायक शारदा राठौर मौके पर पहुंची और समस्या सुनी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे नगर निगम मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।


भीकम कॉलोनी में पिछले काफी समय से सीवरेज जाम की समस्या चली जा रही है। लोग कई बार नगर निगम अधिकारी व मंत्री से शिकायत कर समस्या का समाधान करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। इससे परेशान लोगों ने तिगांव रोड पर जाम लगा दिया। पूर्व विधायक शारदा राठौर कार्यकर्ताओं ने मौके पर अधिकारियों को बुलाकर कहा कि समस्या का जल्द समाधान करें अन्यथा मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।



## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों समेत तीन की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में राठ क्षेत्र के बहगांव गांव में घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर बादलों की तेज



गड़गड़ाहट के बीच बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सरीला क्षेत्र में एक अधेड़ की मौत हुई है। बहगांव के घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर को दरबार लगा हुआ था। यहां पर गांव के 20 लोग बैठे हुए थे। अचानक बारिश शुरू हुई। बारिश से बचने के लिए लोग नीम के पेड़ के नीचे बैठ गए।

### दर्शन के लिए बुक कराए हेलीकॉप्टर टिकट नकली

**हाथरस।** हाथरस के सीडीओ की पत्नी ने केदारनाथ मंदिर के लिए हेलीकाप्टर की टिकट बुक कराई थी



जोकि फर्जी निकली। उन्हें टिकट नकली होने का पता गुप्तकाशी पहुंचने पर हुआ। मामले में उन्होंने कोतवाली हाथरस गेट में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुटी है। सीडीओ साहित्य प्रकाश मिश्र की पत्नी सुमन मिश्रा ने कोतवाली हाथरस गेट में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उन्हें पूरे परिवार के साथ केदारनाथ दर्शन के लिए जाना था। इसलिए हेलीकॉप्टर की टिकटों की बुकिंग के लिए ऑनलाइन देखना शुरू किया।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- परीक्षा पास करें या नौकरी छोड़ें

**पटना।** बिहार के करीब चार लाख नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका दिया है। शीर्ष



अदालत ने उनकी सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सरकार के नियमों के अनुसार नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा देनी होगी। अगर वह नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के प्रारंभिक शिक्षक संघों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई थी।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दी सहमति

# श्रीरामजन्मभूमि परिसर के ऑडिटोरियम की ड्राइंग पर लगी मुहर, 500 दर्शक बैठ सकेंगे, जल्द जारी होगा टेंडर

श्रीरामजन्मभूमि परिसर में ऑडिटोरियम की ड्राइंग पर मुहर लगी। पांच सौ क्षमता वाले प्रेक्षागृह के साथ गेस्ट हाउस व तीर्थ क्षेत्र कार्यालय के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। इसके लिए जल्द टेंडर जारी होगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रस्तावित पांच सौ दर्शकों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम (प्रेक्षागृह) की ड्राइंग और डिजाइन पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भवन निर्माण समिति की बैठक में मुहर लग गई है।

समिति की हरी झंडी के बाद कार्यदाई एजेंसी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) की ओर से इसका एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। इसके बाद ट्रस्ट से अनुमोदन लिया जाएगा। तदुपरांत निर्माण कार्य के लिए निविदा निकाली जाएगी। यूपीआरएनएन के स्थानीय अभियंता ने बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह में निविदा जारी होगी।

- जुलाई के पहले सप्ताह में निविदा जारी होगी
- अतिथि गृह और तीर्थ क्षेत्र के एक कार्यालय का भी निर्माण होगा
- इसके लिए निविदा अलग से जारी होगी
- मंदिर के ग्राउंड फ्लोर व तीन फ्लोर में लगेंगे कुल 42 दरवाजे



### विशेषज्ञों की ली राय

*भवन-निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दो दिवसीय प्रगति समीक्षा बैठक में ऑडिटोरियम के डिजाइन पर सभी विशेषज्ञों की राय लेकर अपनी संस्तुति प्रदान कर दी। इस ऑडिटोरियम के साथ देश के प्रतिष्ठित धर्माचार्यों एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए अतिथि गृह का निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र के एक अतिरिक्त कार्यालय के निर्माण का भी प्रस्ताव है। इस ऑडिटोरियम के निर्माण की जरूरत के बारे में अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र का कहना है कि राम मंदिर में वर्ष पर्यन्त उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इन आयोजन के लिए प्रेक्षागृह के निर्माण को स्वीकृति दी गई।*

### प्रथम तल पर भी लगेंगे स्वर्ण जड़ित दरवाजे

*राम मंदिर के भूतल पर जिस प्रकार स्वर्ण जड़ित दरवाजे लगवाए हैं, ठीक उसी तरह से प्रथम तल पर भी दरवाजे लगाए जाएंगे। इन दरवाजों के निर्माण की एजेंसी अनुराधा टिम्बर इंटरनेशनल हैदराबाद के निदेशक शरद बाबू का कहना है कि राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के साथ तीनों तलों को मिलाकर फिलहाल 42 दरवाजों का निर्माण किया जाना है। इन दरवाजों के लिए महाराष्ट्र के वल्लारशाह से सागौन की लकड़ियां (टीक वुड) मंगाई गई है। इन लकड़ियों से दरवाजों का निर्माण अयोध्या के रामसेवकपुरम की कार्यशाला में हो रहा है जिसका निर्माण कन्याकुमारी से आए कारीगर कर रहे हैं।*

## सीएम योगी ने उन्नत पुलिस रिस्पांस व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कहा- कानून का राज ही सुशासन, सुरक्षा राज्य का दायित्व, पुलिस का आधुनिकीकरण कर रहे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में यूपी पुलिस अपने कदम बढ़ा रही है। यूपी पुलिस डायल 112 को दूसरे चरण में एआई समेत अन्य अत्याधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक प्रभावी बनाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास में यूपी पुलिस डायल 112 के 96 उन्नत पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हेकिल) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यूपी 112 को और प्रभावशाली बनाने के लिए अगले तीन वर्ष के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। यूपी 112 के बेड़े में कुल 6278 वाहन शामिल किए जाएंगे। इस वर्ष 1778 वाहनों को शामिल किए जाने का लक्ष्य है।

सीएम ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है। कानून के राज की पहली शर्त सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण है। सुरक्षा राज्य का दायित्व है। यूपी पुलिस इसका बेहतर निर्वहन करती रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस आधुनिकीकरण की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने डीजी कांफ्रेंस में कानून-व्यवस्था में परिवर्तन के लिए स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा दी थी। उसी कड़ी में यूपी पुलिस अपने कदम बढ़ा रही है। यूपी पुलिस डायल 112 को दूसरे चरण में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) समेत अन्य अत्याधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक प्रभावी बनाया गया है। बीते सात वर्षों में यूपी पुलिस ने अपनी नई पहचान बनाई है। यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश में निवेश व व्यापार की नई संभावनाएं जागी हैं।

- *यूपी 112 बेड़े में कुल 6278 वाहन शामिल होंगे*
- *इस वर्ष 1778 वाहनों को शामिल किया जाएगा*
- *यूपी 112 से अब आपदा राहत, सेफ सिटी समेत 15 नई एजेंसियां भी जुड़ीं। अब कुल 24 एजेंसियां एकीकृत।*
- *संवाद अधिकारियों की संख्या 673 से बढ़कर 825 हुई।*
- *अब प्रतिदिन 28 हजार लोगों तक पहुंचेगी आपात सहायता। अब तक औसतन 18,500 लोगों को मिलती थी सहायता।*



**यूपी में कानून का राज दिख रहा**

सीएम योगी ने कहा कि सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। जिसने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सीएम बनने के बाद जब पहली प्रशासनिक बैठक की तो पता चला कि यूपी आबादी में देश का सबसे बड़ा राज्य है, पर अर्थव्यवस्था के मामले में छठवें स्थान पर है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ तो यूपी आज देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है और तेजी से देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं देंगे तो पुलिस बल पिछड़ जाएगा।

### यूपी 112 में यह हुआ बड़ा बदलाव

यूपी 112 से अब आपदा राहत, सेफ सिटी समेत 15 नई एजेंसियां भी जुड़ीं। अब कुल 24 एजेंसियां एकीकृत की गई हैं। संवाद अधिकारियों की संख्या 673 से बढ़कर 825 हुई है। अब प्रतिदिन 28 हजार लोगों तक आपात सहायता पहुंचेगी। अब तक औसतन 18,500 लोगों को सहायता मिलती थी। फोन करने वाले की सटीक लोकेशन जानने के लिए हो रहा ईएलएस तकनीक का प्रयोग। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को बाडीवार्न कैमरों से लैस किया गया है। पुलिसकर्मी घटनास्थल की फोटो के साथ ही वीडियो रिकार्ड कर सकेंगे। पीआरवी पर पीटीजेड कैमरे लगे हुए हैं जिनसे किसी घटना की फीड सीधे पुलिस कंट्रोल रूम को मिलेगी। कैमरों से पारदर्शिता बढ़ेगी और संवदेनशील स्थानों की निगरानी बढ़ेगी। अब पीड़ित को भी पीआरवी की रनिंग लोकेशन का पता चल सकेगा।

### सीएम ने कानपुर के आरक्षी को पहनाया एसी हेलमेट



कानपुर यातायात पुलिस के 32 जवानों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत वातानुकूलित हेलमेट भी वितरित किए। योगी ने आरक्षी सुगौरव तिवारी को अपने हाथ से हेलमेट पहनाया। यातायात कर्मियों को प्रचंड गर्मी से राहत दिलाने के लिए कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के इस प्रयास की सराहना की। योगी ने कहा कि जवान चौराहे पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करते है। कई बार ऐसा करते-करते जवान बेहोश हो जाते हैं या कोई अप्रिय घटना हो जाती है। यह एसी हेलमेट कुछ हद तक मदद करने में सहभागी बनेगा।

## 2022 में हुआ रोपवे हादसा मामला

# सरकार ने कंपनी को किया ब्लैक लिस्ट, जुर्माना लगाया



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के देवघर में दो साल पहले हुए केबल कार हादसे के मामले में राज्य सरकार ने आरोपी कंपनी दामोदर रोपवेज एंड इंफ्रा (डीआरआईएल) को 5 साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है, साथ ही उस पर 9 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) बोर्ड ने डीआरआईएल को पांच साल के लिए ब्लैक लिस्ट में डालने का फैसला किया है और 9 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक ने कंपनी को 9.11 करोड़ रुपए जमा करने के लिए पत्र जारी किया है, ऐसा न करने पर डीआरआईएल के खिलाफ सिविल क्षति का मुकदमा दायर किया जाएगा।

देवघर के पास त्रिकूट पहाड़ी पर केबर कार का संचालन डीआरआईएल कंपनी ही करती थी। 10 अप्रैल, 2022 को रोपवे संचालन अचानक हवा में बंद हो गया था। इस बड़ी दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 60 से अधिक लोगों को लगभग 46 घंटे तक हवा में फंसे रहे थे।

### आदेश के खिलाफ अदालत जाएगी

उधर कार्रवाई को लेकर डीआरआईएल के प्रबंध निदेशक आदित्य चमारिया ने कहा कि यह कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण और प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि न तो जांच समिति और न ही जेटीडीसी ने उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दिया। चमारिया ने कहा कि हम उस आदेश के खिलाफ अदालत जा रहे हैं। हम पर लगे लापरवाही के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। हम पूरे भारत में 14 रोपवे चला रहे हैं। हमारी कंपनी (डीआरआईएल) रोपवे उद्योग में 30-40 प्रतिशत बाजार हिस्सा रखती है। यहां तक कि जांच समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह गलती की दुर्लभ में से दुर्लभतम श्रेणी है। दुर्लभतम श्रेणी के दोष के आधार पर आप किसी फर्म को कैसे ब्लैक लिस्ट में डाल सकते हैं? यह एक कठोर निर्णय है।'साथ ही उन्होंने दावा किया कि 9 करोड़ रुपए के जुर्माने का कोई आधार नहीं है, जिसमें 5 करोड़ रुपए मरम्मत और रखरखाव शुल्क शामिल है।

### कोर्ट ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया था

झारखंड उच्च न्यायालय ने देवघर रोपवे घटना का स्वतः संज्ञान लिया था और मामले की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद जेटीडीसी ने हाई कोर्ट के समक्ष एक हलफनामे में कहा था कि यह उम्मीद नहीं है कि रोपवे के संचालन और प्रबंधन का अनुभव रखने वाली डीआरआईएल के पास दुर्घटना के मुख्य तकनीकी कारणों की जांच करने की उचित प्रणाली नहीं है। जेटीडीसी ने यह भी कहा कि डीआरआईएल ने त्रिकुट रोपवे के संचालन में लगे कर्मियों के प्रशिक्षण का विवरण नहीं दिया।

## पेज एक का शेष

### आज का भारत...

की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हाल में हुए संसदीय चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर में मतदान के कई रिकॉर्ड टूटने का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इन चुनाव के जरिए घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में 1975 में लागू आपातकाल को 'संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय' बताते हुए कहा कि ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखाई। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। इससे बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना तय हुआ है। जिन परिवारों को सीएए के तहत नागरिकता मिली है मैं उनके बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज के सुधार से डिफेंस सेक्टर को बहुत लाभ हुआ है। 40 से अधिक ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज को 7 निगमों में संगठित करने से इनकी क्षमता और दक्षता दोनों बढ़ी हैं। ऐसे ही रिफोर्मस के कारण भारत आज 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, रोजगार, हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। असम में 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर प्लांट बनाया जा रहा है। यानि नॉर्थ ईस्ट, मेड इन इंडिया चिप्स का भी सेंटर होने वाला है। उन्होंने कहा कि महिला नीत विकास के लिए समर्पित मेरी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरूआत की है। देश की नारीशक्ति लंबे समय तक लोकसभा और विधानसभा में अधिक भागीदारी की मांग कर रही थी। आज उनके पास नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का एक व्यापक अभियान चलाया है। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को आर्थिक मदद भी बढ़ाई जा रही है। सरकार का प्रयास है कि महिलाओं का कौशल बढ़े, कमाई के साधन बढ़े और उनका सम्मान बढ़े। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना इस लक्ष्य की पूर्ति में सहायक बन रही है। इस योजना के तहत हजारों सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की महिलाओं को ड्रोन दिए जा रहे हैं, ड्रोन पायलट बनने की ट्रेनिंग दी जा रही है। मेरी सरकार ने हाल में ही कृषि सखी कार्यक्रम भी शुरू किया है। इसके तहत अभी तक सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अब मेरी सरकार बिजली का बिल जीरो करने और बिजली बेचकर कमाई करने की योजना भी लाई है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। इसके लिए मेरी सरकार प्रति परिवार 78 हजार रुपये तक की मदद कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-जनमन जैसी योजना आज अति पिछड़े जनजातीय समूहों के उत्थान का माध्यम बन रही है। सरकार, पीएम सूरज पोर्टल के माध्यम से वंचित वर्गों तक आजीविका के अवसरों को पहुंचाने के लिए सुलभ ऋण भी उपलब्ध करा रही है। मेरी सरकार, दिव्यांग भाइयों और बहनों के लिए, किफायती और स्वदेशी सहायक उपकरण विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया तथा डाकघरों के नेटवर्क का उपयोग करके दुर्घटना और जीवन बीमा के कवरेज को बढ़ाने का काम हो रहा है। पीएम स्वनिधि का विस्तार किया जाएगा और ग्रामीण और सेमी अर्बन क्षेत्रों के रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आज मजबूत और लाभदायक हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लाभ 2023-24 में 1.4 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। हमारे बैंकों की मजबूती उन्हें ऋण आधार का विस्तार करने और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए सक्षम बनाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार एक डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसे अभियान हमारे युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों से आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने युवाओं वाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए 'मेरा युवा भारत, मेरा भारत' अभियान की शुरूआत भी की है। इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है। इस पहल से युवाओं में नेतृत्व कौशल और सेवा भावना का बीजारोपण होगा।

### दुनिया की सबसे तेजी...

सनराइज सेक्टर्स को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट है। अप्रैल 2014 में भारत में सिर्फ 209 एयरलाइन रूट्स थे। अप्रैल 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 605 हो गई है। हवाई यात्रा में हो रहे इस विस्तार का सीधा लाभ टीयर-2, टीयर-3 शहरों को हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने 10 वर्षों में पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांवों में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई हैं। आज भारत में नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेसवेज का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाईवे बनाने की गति में भी दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है।

### पीएम ने राष्ट्रपति...

उन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें नागरिकों के लिए बेहतर जीवन के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

### शताब्दी भारत की...

फिलीपींस, स्लोवाकिया ने भी की प्रशंसाः भारत में फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को ने कहा कि हमें बहुत गर्व है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भारत के साथ हमारी ब्रह्मोस परियोजना का भी उल्लेख किया। जो कि 75वें वर्ष में हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत और फिलीपींस के संबंध बहुत अच्छे चल रहे हैं। इसी तरह से भारत में स्लोवाकिया के राजदूत रॉबर्ट मैक्सियन ने कहा कि आज राष्ट्रपति का भाषण सुनना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। हम अपने व्यापार और निवेश को बढ़ाकर भारत के साथ अपने सहयोग को व्यापक बनाना चाहते हैं। उक्त विदेशी प्रतिनिधियों के साथ-साथ इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को सुनने के लिए संसद भवन पहुंचे थे।

### बदलावः वंदे भारत और...

किलोमीटर प्रति घंटा से घटा कर 130 किलोमीटर प्रति घंटा की जाने की बात कही जा रही है। नई दिल्ली-मुंबई रेलखंड की क्षमता 160 की जानी हैः वर्ष 2016 में गतिमान एक्सप्रेस को चलाने के लिए नई दिल्ली से आगरा रेलखंड की गति क्षमता 150 किलोमीटर से बढ़ाकर 160 किलोमीटर की गई थी। इसके बाद इस रेलखंड पर रानी कमलापति व खजुराहो वंदे भारत को भी अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाने का निर्णय लिया गया। अन्य रेलखंड पर वंदे भारत 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। वहीं, नई दिल्ली से आगरा होते हुए मुंबई रेलखंड पर ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा किया जाना है। इसका काम चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह काम पूरा होने के बाद इस रूट पर चलने वाली वंदे भारत, शताब्दी, राजधानी सहित अन्य ट्रेनों की गति बढ़ाई जाएगी।

### पेरासिटामॉल सहित...

सैंपल मई में लिए गए थे। इन सैंपल को गुजरात के वाघोडिया, हिमाचल प्रदेश के सोलन, राजस्थान के जयपुर, उत्तराखंड के हरिद्वार, हरियाणा के अंबाला, आंध्र के हैदराबाद के साथ-साथ अन्य जगहों से लिए गए थे। जिस पेरासिटामोल को घटिया पाया गया है कि उसका सैंपल उज्जैन के अस्कोन हेल्थकेयर से लिया गया था। जब इस संबंध में कंपनी से बात की गई तो उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया।

**ये दवाइयां भी शामिलः** डीजीसीआई ने जिन दवाइयों को घटिया गुणवत्ता वाली सूची में डाला है उनमें कॉनस्टिपेशन के लिए लेक्टोलूज सॉल्यूशन, ब्लड प्रेशर के लिए टेलमिसाटन और अम्लोडिपाइन, ऑटो इम्यून डिजीज के लिए डेक्सामेथासोन सोडियम फॉस्फेट, गंभीर इंफेक्शन के लिए क्लोनाजेपाम टैबलेट जैसी जीवनरक्षक दवाइयां शामिल हैं। ड्रग सैंपल का परीक्षण केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की लेबोरेटरी में किया गया। इसी साल फरवरी में डीजीसीआई के डायरेक्टर राजीव रघुवंशी ने राज्य सरकारों से लोकल मार्केट में बेची जा रही दवाइयों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा था। इसके साथ ही जांच का मंथली डाटेबस तैयार करने को कहा था।

### 'पेपर बॉक्स' तोड़ने...

मिश्रा ने ही मिलकर उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया था। आरोपियों ने पूछताछ में लिया संजीव मुखिया का नामः - यूपी एसटीएफ ने 10 अप्रैल को रवि अत्री को मेरठ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उत्तर प्रदेश कॉन्स्टेबल पेपर लीक की जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों ने संजीव मुखिया का नाम लिया था। उत्तर प्रदेश कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक और नीट पेपर लीक करवाने वाले गैंग आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। रवि अत्री ने बताया कि संजीव मुखिया का नेटवर्क यूपी, बिहार, गुजरात, दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में फैला हुआ है। संजीव मुखिया ब्लूटूथ के जरिए देश में होने वाले अलग-अलग एग्जाम में सॉल्वर बैठाता था और वह ब्लूटूथ खरीदने ही दिल्ली भी आता था। रवि अत्री ने बताया है कि संजीव मुखिया और उसका बेटा पेपर लीक का मुख्य सरगना है।

**साथ पढ़ाई कर चुके हैं अत्री और शिव कुमारः** -यूपी पुलिस की पेपर लीक का मुख्य आरोपी रवि अत्री बिहार के संजीव मुखिया और अतुल वत्स के साथ जुड़ा हुआ है। रवि अत्री और संजीव मुखिया का बेटा डॉक्टर शिव कुमार एक साथ पढ़ाई कर चुके हैं। संजीव मुखिया का बेटा बीपीएससी टीचर परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में पहले से जेल में है।

### संसद का टोन सेट...

को सम्मान दिया जाए। सरकार को घेरने का पूरा मौका दिया जाए। सांसदों के बोलने के बाद जिस तेवर के साथ ओम बिरला ने सदन में अनुशासन लाने के नाम पर अपना नाम न पुकारे जाने पर हंगामा कर रहे विपक्षी नेताओं से कहा, अध्यक्ष जब पैरों पर खड़ा रहता है तो सदस्यों को अपनी सीट पर बैठ जाना चाहिए। मुझे ऐसी समझाइश दोबारा न देना पड़े। दोबारा बोलने का मौका न दिया जाए। उसके बाद स्पीकर के चेयर से जिस अंदाज में ओम बिरला ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल में इमरजेंसी को याद करते हुए उसे काला दिन करार देते हुए उसे संविधान पर करारा हमला करार दिया, उसी समय ये तय हो गया कि केंद्र सरकार विपक्ष को संविधान बचाने के नाम पर और राजनीति नहीं करने देगी। उन्हें उन्हीं के अंदाज में, बल्कि ज्यादा आक्रामक तेवरों के साथ चौतरफा घेरकर जवाब दिया जाएगा। उसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। फिर ओम बिरला ने चेयर से इंदिरा गांधी का नाम लेकर लानतमलानत की। उसको अंतिम रूप राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दे दिया। उन्होंने भी कांग्रेस शासनकाल के आपातकाल को याद करते हुए उसे इतिहास का काला अध्याय करार दिया।

### स्पीकर के भाषण से ...

करने के लिए लोकसभा स्पीकर को एक पेज का पत्र लिखकर उनके भाषण के खिलाफ सख्त शब्दों में आपत्ति दर्ज कराई। दूसरी तरफ सपा सांसद द्वारा सेंगोल पर स्पीकर को पत्र लिखकर 'संविधान बचाओ' मुहिम को नया रंग दे दिया। सेंगोल को राजतंत्र का प्रतीक मानकर उसे संसदीय परिसर से हटाने की मांग की गई। दोनों पक्ष अपने अपने वोटरों को अब भी मैसेज देने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### ...तो स्वस्थ परंपरा...

तय था उसके बाद भी प्रतिरोध और हंगामा देखने को मिल रहा है। संक्षिप्त सत्र के बाद जब महीने भर में बजट सत्र शुरू होगा, उसमें संसद कैसे रिएक्ट करेगा, उसका अक्स अभी से दिखने लगा है। अभी लोकसभा में उपाध्यक्ष के पद पर नेता का चयन होना बाकी है। तय परिपाटी के अनुसार ये पद पर विपक्ष को मिलेगा, या राजग गठबंधन के किसी नेता की नियुक्ति होगी, इस पर फैसला होना अभी बाकी है। विदित हो कि पिछले कार्यकाल में कोई भी नेता उपाध्यक्ष पद पर नहीं था।



विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून

बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतूहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।




## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

**स्कूल खुलने** पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



**बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर** : मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन** : तरबूजा।
**टीचर** : ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
रोहन : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।

**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू** : मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी** : 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।

**-अमन, रायपुर**




**पप्पू** : पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू** : समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।

**-हितेन, भोपाल**

कहानी
पवन कुमार वर्मा

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?

# मुर्गों की आपात बैठक



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता
शिवचरण चौहान




## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





निशिता, दिल्ली



दिव्यांश, दुर्ग



दिव्या, बिलासपुर



डॉली, मटियारी



दीक्षा, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद



अंकित, धमतरी


## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष राहुल महंगाई और रोजगार की करेंगे बात: पटवारी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई देते हुए इसे भारत की राजनीति में एक नए अध्याय और कांग्रेस के पुनर्निमाण का स्वर्णिम काल बताया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के पुत्र राहुल गांधी देश के संविधान को संरक्षित करने में पूरी शिद्दत से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को विश्वास है कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सरकार के समक्ष जनता से जुड़े मुद्दे महंगाई, रोजगार की बात करेंगे।

# भाजपा मध्यप्रदेश के संसदीय दल की दिल्ली में बैठक, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के भविष्य के विकास के लिए रोड मैप पर की चर्चा

**29 सांसदों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहना कर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में हुई। बैठक में मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजयी होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।



### नवागत केंद्रीय मंत्रियों का प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

बैठक में भारत सरकार के नवागत केंद्रीय मंत्रियों और राज्य मंत्रियों का भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश ने स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से केंद्रीय मंत्री द्वय शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, राज्यमंत्री द्वय सावित्री ठाकुर, दुर्गादास उईके को अंगवस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर पार्टी के सांसद उपस्थित थे।

### उत्साह के साथ काम करेगी डबल इंजन की सरकार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने नई टीम को बधाई दी और भविष्य के विकास के लिए रोड मैप पर बातचीत की है। जैसा नया माहौल बना है, उतने ही उत्साह और उमंग के साथ डबल इंजन की सरकार आगे काम करती रहें, इसी अपेक्षा से हमने आज बातचीत की।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने प्रधानमंत्री को मप्र की दो बड़ी परियोजनाओं के बारे में दी जानकारी

# पीएम मोदी केन-बेतवा लिंक परियोजना व पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का करेंगे भूमिपूजन

**»** *सीएम डॉ. यादव ने परियोजनाओं के भूमिपूजन के लिए दिया निमंत्रण, पीएम मोदी ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति*

**»** *केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मुलाकात कर परियोजनाओं पर चर्चा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें मप्र की दो बड़ी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी है। दोनों परियोजनाओं के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया है। पीएम ने सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। आने वाले एक-दो महीने में दो बड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा।

डॉ. यादव ने बताया कि नदी जोड़ो अभियान के तहत केन बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना से मप्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इससे बुंदेलखंड के अलावा अन्य इलाकों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी मुलाकात हुई है। दोनों बड़े नदी जोड़ो अभियान, जिसमें प्रधानमंत्री की विशेष रूचि है, इस संबंध में विस्तार से बात हुई है। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना टेंडर की स्थिति में है। इसके माध्यम से बुंदेलखंड व आसपास के 10-15 जिलों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा ज्यादा पानी की दरकार वाला क्षेत्र है। इसमें सरकार गंभीरता से आगे बढ़ी है। बहुत जल्द इसके नतीजे मिलेंगे।



### एक या 2 महीने में तारीख निश्चित कर करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मैंने प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनको निमंत्रण दिया है। उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। आने वाले एक या 2 महीने में इसकी तारीख निश्चित करके इसका भूमिपूजन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा एक और प्रोजेक्ट जो पश्चिम मध्यप्रदेश के लिए बहुत काम का है, जिसमें राजस्थान के साथ हमारा टाइअप हुआ है। पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना पीकेसी योजना के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के साथ जुड़कर दोनों राज्यों के लगभग 13 जिलों को इस परियोजना से लाभ मिलेगा।

### राजस्थान के साथ तीन-चार मुद्दों पर चल रही है चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि छोटे-छोटे तीन-चार मुद्दे हैं, जिसे राजस्थान सरकार के साथ मिलकर अधिकारी स्तर पर हल करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर चार बैठकें कर चुके हैं। कोशिश करेंगे कि यह बड़ा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बहुत जल्द ही पूरा हो। इससे हमारे क्षेत्र के कई जिलों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान-मप्र, मप्र-उत्तरप्रदेश सरकार ऐसे सारे विषयों को लेकर लगातार गंभीर है। खासकर, खेती किसानी के स्तर पर ही नहीं, बल्कि हर स्तर पर विकास होगा। आगे टूरिज्म, एजुकेशन जैसे अन्य क्षेत्रों में इसका लाभ मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र से सीएम ने की मुलाकात



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने मध्य प्रदेश भवन में सौजन्य भेंट की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले पेट्रोलियम बोर्ड के अध्यक्ष



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन ने भेंट की। डॉ. जैन ने बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) निर्वाचित होने पर बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दायित्व संभालते ही बुधवार को पहले दिन लोकसभा में आपातकाल की ज्यादतियों को याद किया और विस्तार से जानकारी दी। निश्चित ही यह सराहनीय है और नई पीढ़ी को इससे परिचित करवाना प्रासंगिक भी है। लोकसभा अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं। बिरला ने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में अपनी भावना व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में हुई आपातकाल की महत्वपूर्ण घटना के बारे में बताया, जो मीसाबंदियों के जीवन का सबसे खराब दौर था।

### स्कूली बच्चों का भारी बैग, स्कूल शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के निजी स्कूलों में बच्चों के बैग के ज्यादा वजन के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने आयुक्त, संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही बच्चों के लिए नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बच्चों का भारी बैगों के साथ स्कूल जाना-आना शुरू हो गया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | ओएचई/एनडीएलएस और ओएचई/जीजेडबी के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹48,33,996.87 |
| बयाना राशि | ₹96,700/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.07.2024 (10:30 बजे) से 18.07.2024 (15:00 बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.07.2024 (15:00 बजे) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा सं.: 18-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक: 26.06.2024 1930/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गुमशुदा/अगवा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **करण पुत्र:** रामबरन **निवासी:** म.नं. 150, भू–तल, प्रकाश मौहल्ला, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली है, जो कि अपने घर से दिनांक 17.06.2024 को सायं 5:00 बजे से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 13 वर्ष, **कद:** 5', **रंग:** गहरा भूरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **आंखे:** काली, जिसने काले रंग की टी–शर्ट, काले रंग की लोअर और पैरों में लेडीस चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **FIR No. 190/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 20.06.2024 को थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।


वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली**

DP/7981/SE/2024 फोन नं.: 011-26412194, 8750870931



**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 55 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5', **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, जिसने चैक कमीज, भूरे रंग की पैंट पहनी थी और जो नंगे पैर था, जो इदगाह लाल बत्ती के पीछे पटरी पर, रानी झांसी रोड, सदर बाजार, दिल्ली में दिनांक 13.06.2024 को सायं 4:30 बजे मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 29ए, दिनांक 13.06.2024 को थाना सदर बाजार, दिल्ली** में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना सदर बाजार, दिल्ली**

DP/8288/N/2024 फोन: 011-23512412, 8750870124


## बाल देखरेख संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान

**भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएं, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गई है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री भूरिया ने कहा कि संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएं निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। इसलिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिए आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाए।

**जिला पंचायत सदस्यों ने मनवाई अपनी मांग**

## सरकारी भवनों का निर्माण एजेंसियों की जगह पंचायतों से कराने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत सदस्य बीडीए, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य एजेंसियों से कराए जा रहे सरकारी भवनों के निर्माण के विरोध में हैं। वह यह काम पंचायतों से कराने का लंबे समय से दबाव बना रहे हैं। जिसको लेकर बुधवार को स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक में निर्माण के काम पंचायतों से कराने की सहमति बनी है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 60 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने कहा कि आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पंचायत एजेंसी से कराया जाए। सभी सदस्यों के दबाव को देखते हुए उनके इस प्रस्ताव को मान लिया गया। अब नए पंचायत भवनों का निर्माण पंचायत कराएगी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य रश्मि भार्गव ने पेयजल के अलावा स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर चर्चा की। बैठक के सचिव डॉ. प्रभाकर तिवारी ने एजेंडे के बिंदुओं को रखा।

# डायल-100 की 200 नई एफआरवी अब एडवांस फीचर्स से होंगी लैस

**कमांड सेंटर होगा नई बिल्डिंग में शिफ्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल्द ही मध्यप्रदेश पुलिस की एडवांस फीचर्स से लैस डायल-100 की 200 गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। नए टेंडर में इसका प्रावधान किया गया है। इसके बाद पूरे प्रदेश में लोगों की मदद करने के लिए संचालित एफआरवी की संख्या 1200 हो जाएगी। इसके अलावा डायल-100 का कमांड सेंटर भी नवनिर्मित बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।

डायल-100 के नए वाहन डेसबोर्ड और बॉडी बार्न कैमरा से लैस होंगे। दरअसल 8 साल से चल रही डायल-100 में कई वाहन कंडम भी हो चुके है। कई स्थानों पर किराए के वाहनों से भी काम चलाया जा रहा था। फिलहाल 200 हाईटेक वाहनों की खरीदी की जानी है। नई एफआरवी में डैश बोर्ड कैमरे इस लिए लगाए जा रहे हैं, ताकि गाड़ी के अंदर और बाहर दोनों तरफ की फोटो रिकार्ड हो सकें, साथ ही इनको डायल-100 कंट्रोल रूम में लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा पुलिस कर्मी बाडी वार्न कैमरे से लैस होंगे।

इसके फायदा यह होगा कि पुलिस किसी इवेंट पर पहुंचकर लोगों से बात करती है तो उसकी वीडियो रिकार्डिंग भी की जा सके। वॉयस कॉल के अलावा एसएमएस, सोशल मीडिया पैनिक बटन सहित

### नई एफआरवी में स्ट्रेचर भी होगा

आम तौर पर देखा जा रहा है कि डायल 100 आपराधिक घटनाओं की सूचना पर लोगों की मदद के लिए तो पहुंचती ही है साथ ही दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को भी अस्पताल तक पहुंचाती है। कई ऐसे मामले हुए जब एंबूलेस की पहुंचने के पहले ही डायल 100 की एफआरवी पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में एडमिट कराया। हालांकि इसके लिए एफआरवी को स्ट्रेचर की जरूर लंबे समय से महसूस हो रही थी। नए वाहनों में स्ट्रेचर भी दिया जाएगा, ताकि सड़क से घायल को उठाकर एफआरवी में आसानी से रखा जा सके। डायल-100 की एसपी बीना सिंह का कहना है कि जल्द ही 200 नई एफआरवी खरीदी जाएंगी, जो नई तकनीकी सुविधाओं से लैस होंगी। डायल 100 का नया टेंडर जल्द ही जारी होने वाला है।


**फॉर्म–जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**शिप्रा एस्टेट लिमिटेड**
**नई दिल्ली में संचालित**
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **शिप्रा एस्टेट लिमिटेड** सीआईएन - U70101DL1987PLC029594 पैन - AACCS6116J |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | फ्लैट नं. 502, 502–ए, 5वीं मंजिल, 23 बाराखंभा रोड, नारायण मंजिल, नई दिल्ली, भारत, 110001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | लागू नहीं |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | लागू नहीं |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | लागू नहीं |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:- | मार्च 31, 2021 |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | विस्तृत जानकारी cirp.shipra@gmail.com पर ईमेल करके प्राप्त की जा सकती है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 13 जुलाई 2024 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 23 जुलाई 2024 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28 जुलाई 2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 7 अगस्त 2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 12 अगस्त 2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 11 सितंबर 2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | cirp.shipra@gmail.com |

दिनांक 28 जून, 2024
स्थान: मुम्बई

घनश्याम पटेल
शिप्रा एस्टेट लिमिटेड के लिए अंतरिम समाधान पेशेवर
(कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के तहत)
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP/P-01373/2018-2019/12155
पता: 322, जेस्ट बिजनेस स्पेस, एम जी रोड, घाटकोपर ईस्ट, मुंबई 400 077
ईमेल: dpatel@ckpatel.com


**प्रदेश के अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार पहुंचा रही सुविधाएं**

# नक्सलगढ़ में पहली बार बजी स्कूल की घंटी, वर्णमाला सीखेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र में नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यहां बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा की अलख जला पाएंगे। अंदरूनी इलाकों में सरकार अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। अक्सर नक्सलवाद और नक्सली घटनाओं के लिए ही चर्चे में रहने वाला सुकमा जिला शिक्षा के शिक्षा क्षेत्र में नए बदलाव कर रहा है। जहां लाल सलाम के नारे ही गूंजा करते थे, वहां अब स्कूल की घंटी और बच्चों की एबीसीडी सुनने को मिल रही है। यह सुखद तस्वीर सुकमा जिले के दुलेड़ एलमागुंडा की है, जहां आजादी के 77 साल के बाद स्कूल खुला है।



**ग्रामीणों ने मिलकर बच्चों के लिए एक अस्थाई स्कूल का निर्माण झोपड़ी के रूप में किया, तो बच्चों को मिला पढ़ाई के लिए सहारा**

हालांकि स्कूल झोपड़ी में है, क्योंकि इन इलाकों में व्यवस्थाओं को अब तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि अब यहां बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा की अलख जला पाएंगे। जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली कि स्कूल अब गांव में ही खुलेगा तो ग्रामीणों ने मिलकर बच्चों के लिए एक अस्थाई स्कूल का निर्माण झोपड़ी के रूप में किया। फिलहाल अंदरूनी इलाकों में सरकार अपनी पहुंच पकड़ मजबूत कर रही है और गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। 26 जून को जब प्रदेश भर में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम चलाया गया तो इस गांव के लिए बेहद खुशी का पल था। जब स्कूल गांव तक पहुंचा और बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा से जुड़ पाए अब वह बच्चा जो घर में देखभाल के लिए रोका जाता है। वह भी शिक्षा से अछूता नहीं रहेगा। गौरतलब है कि इन इलाकों में शिक्षा से कटाव की मुख्य वजह गांव-गांव में स्कूल न हो पाना भी बताया जाता है। जिसके कारण बच्चे अच्छी शिक्षा नहीं ले पाते हैं।

### नर्सिंग एवं पेपर लीक घोटालों को लेकर 1 को कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटालों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर 1 जुलाई को प्रदेश भर में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार शिक्षा माफिया के घोटालों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटियों धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम करेगी।

चिंतन

# अभिभाषण में सरकार का भविष्योन्मुख दृष्टिकोण

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र के संयुक्त सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में वो तेवर व क्लेवर नहीं दिखे, जिसकी देश को जरूरत है। संयम, संतुलन और रटे-रटाए अवधारणा का पुट अधिक दिखा। चुनावी वर्ष होने के नाते बीते छह माह के दौरान सरकार की आर्थिक व प्रशासनिक गति सुस्त रही है, कई बड़े फैसले बाट जोह रहे हैं, आर्थिक सुधार के अगले चरण की प्रतीक्षा है, महंगाई को लेकर चिंता बरकरार है, रोजगार सृजन की गति मंद है, ऐसे में अभिभाषण में नई सरकार के व्यापक रोडमैप की उम्मीद थी। इन सबके लिए शायद बजट तक प्रतीक्षा करनी पड़े। चूंकि अभिभाषण सरकार का विकास योजनाओं व भविष्य की योजनाओं का दृष्टिकोण होता है, इसलिए आशाएं अधिक थीं। यूं तो राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार के सभी संकल्पों, दिशाओं और लक्ष्यों को समेटने का प्रयास किया है, लेकिन किसी क्रांतिकारी-परिवर्तनकारी ध्येय का जिक्र नहीं किया है। 18वीं लोकसभा के पहले संसद के चौथे दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण करीब 50 मिनट चला, जिसमें उन्होंने सरकार के लगभग हर मुद्दे पर बात की। नीट विवाद परीक्षा रद व पेपर लीक को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है, इसलिए अभिभाषण में पेपर लीक घटनाओं की जांच करने, पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने व नया कानून लागू करने की बात प्रमुखता से कही गई है। विपक्ष ने 'संविधान खतरे में है' के नैरेटिव के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव में कैंपेन किया था, सांसदों के शपथग्रहण के दौरान भी राहुल गांधी व अखिलेश यादव समेत अनेक विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली है, इसके काउंटर के लिए अभिभाषण में सरकार ने कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल को काला अध्याय बता कर कांग्रेस को एहसास दिलाया है कि पूर्व में कांग्रेस सरकर के दौरान ही आपातकाल के रूप में संविधान की धज्जियां उड़ी थी। एक दिन पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद सदन में आपातकाल को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया। सरकार की रणनीतियों से तय है कि अगर कांग्रेस भाजपा को झूठे व भ्रमित नैरेटिव संविधान खतरे में बता कर घेरेगी, तो भाजपा भी कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाती रहेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिये नई सरकार ने अग्निवीर का जिक्र किए बिना सेना में सुधार व सेना को आत्मनिर्भर बनाने की अपी तैयारियां बताईं। जब नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र किया गया, तब विपक्ष ने मणिपुर के हालात को लेकर शोर-शराबा किया। अभिभाषण में महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के कल्याण करने के बारे में बात हुई, चुनाव आयोग की तारीफ की गई, जीएसटी को अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया गया, कश्मीर में मतदान के रिकॉर्ड टूटने को घाटी का दुश्मनों को करारा जवाब कहा गया, प्राकृतिक खेती और उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने की बात कही गई, बुलेट ट्रेन, गरीबी उन्मूलन व 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने का काम का जिक्र किया गया। सरकार की ओर से आगामी बजट में बड़े सुधारात्मक फैसले की उम्मीद जगाई गई है। अभिभाषण में विपक्ष को हर वक्त हंगामा को लेकर आईना भी दिखाया है कि नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज का विरोध अलग-अलग बातें हैं। दुष्प्रचार की चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजने की जरूरत है। इस अभिभाषण में सरकार का विजनरी रोडमैप है, लेकिन यह और बेहतर हो सकता था। देश में पुलिस सुधार, प्रशासनिक, न्यायिक सुधार, राजनीतिक व चुनावी सुधार लंबित हैं, आर्थिक सुधार के नेक्स्ट स्टेप की जरूरत है, इन सब मुद्दों पर अभिभाषण चुप है।



शपथ ग्रहण
प्रभुनाथ शुक्ल

# संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी

**शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने संसद और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।**

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया, वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहे हों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लांघता दिखा। 18वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ ली, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़कर। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के अहम में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हाशिये पर रही,जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदू है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय प्रश्न है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता के लालच में वैचारिक विभाजन के जरिये सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है, जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिलेगौर है। भारतमाता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है, लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे हैं। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में ली और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा



लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजयी हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद किए जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच नोकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा सांसदों ने धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रबल विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया, क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की जा रही हैं, जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए, जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचे शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायी था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने शपथ ग्रहण के दौरान संसद और लोकतंत्र के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिये। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए, क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता-विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र की गरिमा का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



मिसाल
डॉ. महेश परिमल

# मिथक तोड़ती बेटियां

हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अनोखी घटना हुई। बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हुए अनिल कुमार अपनी बेटी को उसके ससुराल से बैंड-बाजे के साथ घर लाए। उनका मानना था कि मैंने जिस तरह से बेटी को सम्मान के साथ उसके ससुराल भेजा है, तो अब उसे ससुराल से हमेशा-हमेशा के लिए अपने घर लाने के लिए भी उतना ही सम्मान दूंगा। हुआ यूं कि अनिल कुमार की बेटी उर्वी की शादी 8 साल पहले कंप्यूटर इंजीनियर के साथ हुई थी। ससुराल में उर्वी को सम्मान नहीं मिला। दहेज के कारण उसे प्रताड़ित किया जाता था। 8 साल तक बिटिया ने यह अपमान सहा। जब सहन नहीं हुआ, तो उसने माता-पिता से गुहार लगाई कि उसे अब मायके बुला लिया जाए। इससे पिता ने यह अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए उसे ससम्मान घर वापसी कराई। हमारे समाज में बेटी यदि अपने ससुराल से मायके आ जाए, तो लोग उसे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। बेटी ने अपने ससुराल में किस तरह के ताने और प्रताड़ना सही होगी, यह जानने की कोशिश माता-पिता के अलावा और कोई नहीं करता। आखिर बेटी को भी सम्मान से जीने का हक है। उसने ससुराल की प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाकर कोई अपराध नहीं किया है। वह भी अपनी तरह से जीना चाहती है। बेटी को भी बेटे की तरह जीने का अधिकार होना चाहिए, यह बात समाज के लोग अक्सर करते हैं, पर जब उसे अमल में लाने की बात आती है, तो सभी परंपराओं की दुहाई देने लगते हैं। आजकल तलाकशुदा बेटी का जीवन बहुत ही ज्यादा दुश्वार हो गया है। वह भी अपने तरीके से जीवन जीना चाहती है। उस पर जीवन थोपा नहीं जा सकता। ससुराल में यदि उसे प्रताड़ना मिलती है, तो फिर माता-पिता के अलावा उसका कौन है? बेटी का घर आना माता-पिता के लिए दुःखों का पहाड़ टूटना ही समझा जाता है। शुरुआत में माता-पिता काफी कोशिशें करते हैं कि बेटी का घर बस जाए। बात नहीं बनने पर वे अपनी बेटी को घर बुलाने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाते हैं। बेटी को ससुराल में प्रताड़ना देने का रिवाज शिक्षित वर्ग में ही अधिक देखा जाता है। तलाक भी शिक्षित वर्ग में ही अधिक होते हैं। आखिर ऐसी शिक्षा का क्या महत्व, जो विवाह को स्थायित्व देने का काम न करती हो। समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो विवाह के टूटने की बाट जोहता रहता है, विवाह टूटने के बाद वह उसका आनंद लेने लगता है। विवाह टूटने के मामले में आजकल के युवा एवं उसके माता-पिता अधिक जवाबदार माने जाते हैं। कई मामलों में बेटी के माता-पिता यह मानते हैं कि ससुराल में बेटी जिस तरह से रोज-रोज मर रही है, उससे अच्छा यही है कि उसकी घर वापसी कर दी जाए, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सके। आखिर बिटिया कब तक लाचारी का जीवन जिएगी? लाचारी से भरा जीवन जीने से अच्छा यही है कि वह तलाक लेकर अपने माता-पिता के घर आ जाए। इन दिनों समाज में एक नई परंपरा देखने को मिल रही है। जिस तरह से बेटे को अपना जीवन जीने का हक है, उसी तरह बेटी को भी है। बेटी और बेटे के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कौन सच्चा और कौन झूठा है, इसे समझने में बरसों लग जाते हैं, इसलिए यही अच्छा है कि बेटी घर ही आ जाए। बेटी घर की इज्जत है, यह सूत्रवाक्य आज हमारे समाज में अमल में लाया जाता है, पर बेटी के भी अपने सपने होते हैं, वह भी खुलकर जीना चाहती है। आखिर अपनी इच्छाओं को मारकर कब तक जिया जाए? इसलिए कानपुर के अनिल कुमार ने एक नई परंपरा की शुरुआत कर समाज को दिशा देने की कोशिश की है। अनिल कुमार जैसी सोच बहुत कम लोगों की होती है। उन्होंने समझ लिया था कि बेटी को ससम्मान घर लाकर वे समाज के सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे, पर समाज को भी सोचना चाहिए कि कौन माता-पिता ऐसे होंगे, जो अपनी बेटी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहते हैं। धनलिप्सा के कारण ससुराल वाले बेटी को बरसों से प्रताड़ित ही कर रहे हैं। आखिर इस कुप्रथा को खत्म करने की कोशिश भी तो होनी चाहिए। बेटी को नई जिंदगी देने के लिए माता-पिता का यह प्रयास आज भले ही अनुकरणीय न लगे, पर भविष्य में इसे सही मान लिया जाएगा, यह तय है। अब समाज को भी सारे मिथकों से दूर होना होगा। बेटी को लेकर गढ़े गए तमाम सूत्रवाक्यों को नई सिरे से पारिभाषित करना होगा। बेटी को भी जीने का हक है, इसे समझते हुए ही अनिल ने जो किया, उसे नमन करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ड्रोन से की जाए वनों की निगरानी**

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में जंगलों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से जंगलों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए जंगलों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे उसी फालतू की घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं, जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं है। लोग इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते जंगलों में न फैले। जब हरे-भरे जंगल नष्ट हो जाते हैं तो कई हिंसक जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आ जाने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वन विभाग को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं पर ड्रोन के जरिए निगरानी रखे। *- शेखर मेहता, कांकेर*

### करंट अफेयर

## चीन ने अध्ययन के लिए सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, 'अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है।' उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।



### ऑफ बीट

## एक हजार और प्रजातियों पर अस्तित्व का खतरा मंडराया

अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है। द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरों और पौधों के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव)जैसी प्रजातियों के संरक्षण में मिली सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची में अब 1,63,040 प्रजातियों को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक हैं। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान में पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों में शामिल हैं। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों में सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है।




### ट्रेंड

**मेरा युवा भारत अभियान**



विकसित भारत के निर्माण में होगी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित। सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए 'मेरा युवा भारत' अभियान की शुरुआत की है। इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है।
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

**वास्तविक प्रकृति को जानें**



एआई हमें प्रबुद्ध युग में मार्गदर्शन नहीं कर सकता। केवल ब्रह्मांडीय बुद्धिमत्ता और स्व की पहचान ही ऐसा कर सकती है। कृत्रिम, रासायनिक, यांत्रिक या मात्रात्मक हर चीज से परे शुद्ध चेतना के रूप में वास्तविक प्रकृति को जानें जो मन की रचनाएं हैं।
-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

**स्वाध्याय महान तप**



सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में स्वाध्याय महान तप है, जो हमारी जीवनचर्या का आवश्यक अंग होना चाहिए। ग्रंथों का अध्ययन वैचारिक नवीन्यता के साथ लक्ष्य की संप्राप्ति में सहायक है। अतः आत्म-सामर्थ्य के लिए सद्ग्रन्थों की ओर लौटें।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

**नारे को ठुकराया**



मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे मोदी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके खिलाफ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के नारे को ठुकराया।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष ने जताई नाराजगी

# 49 साल बाद आपातकाल का जिक्र करना तार्किक नहीं

### इमरजेंसी की बात पर कांग्रेस ने 'शेम-शेम' करके विरोध किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के संयुक्त सदन को संबोधित किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के माध्यम से सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों की रूपरेखा बताती है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सत्तारूढ़ दल संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेगा, जिस पर चर्चा भी होगी। राष्ट्रपति ने चुनाव में जीतने वाले सांसदों को बधाई दी है। इस दौरान विपक्षी दलों ने नीट पेपर लीक मुद्दे को राष्ट्रपति द्वारा जिक्र होने पर शोर मचाया। इसके अलावा जब राष्ट्रपति ने 1975 की इमरजेंसी का जिक्र किया तो एक तरफ जहां सत्ता पक्ष के सांसद 'शेम-शेम' करके विरोध करने लगे तो, दूसरी ओर इमरजेंसी का जिक्र करने पर कांग्रेस सांसदों ने नाराजगी जाहिर की।

कांग्रेस सांसद थरूर ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि इतने साल बाद बात हो रही




### कांग्रेस ने संविधान को चोट पहुंचाई: गिरिराज



संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण में आपातकाल पर की गई टिप्पणी पर भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर किसी ने संविधान को चोट पहुंचाई है तो वह कांग्रेस पार्टी है। नई पीढ़ी को उस दौर के बारे में जानने का अधिकार है।

**कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई, आज साथ लेकर घूम रहे: मांझी**



आपातकाल पर राष्ट्रपति के बयान पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आपातकाल एक काला दिन था। उस दिन को याद रखना जरूरी है क्योंकि कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं और आज वे संविधान की प्रतियां लेकर घूम रहे हैं। लोगों को समझना चाहिए कि संविधान को कोई खतरा नहीं है, अगर कोई खतरा है तो वो उन लोगों (कांग्रेस) से है जो 1975 में थे।

### मोदी सरकार के नाम कई उपलब्धियां: देब



*राष्ट्रपति के अभिभाषण पर भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि इस अभिभाषण में राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से नरेंद्र मोदी सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख किया और आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया। जिस तरह से पीएम ने पिछले 10 वर्षों में काम किया है, वह आने वाले समय में भी उसी स्पष्टता और ईमानदारी के साथ काम करेंगे। इससे देश को लाभ होगा।*

### सरकार ने योजनाओं के बारे में बताया: शांभवी



*राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि मैं हमेशा कहती हूं कि विपक्ष का काम हर समय कुछ न कुछ बोलते रहना है। मेरा मानना है कि राष्ट्रपति ने बहुत ही संक्षिप्त तरीके से हमें बताया कि एनडीए सरकार ने देश के लिए क्या किया है और भविष्य में वे देश के लिए क्या करना चाहते हैं? उन्होंने हर योजना की जानकारी दी, पहली बार के सांसदों को उनके भाषणों से बहुत कुछ सीखने को मिला।*

### नीट परीक्षा या बेरोजगारी के बारे में कुछ नहीं कहा: थरूर



*राष्ट्रपति के संबोधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि 49 साल बाद संबोधन में आपातकाल के बारे में बात करने का कोई तर्क नहीं था। उन्हें आज के मुद्दों पर बोलना चाहिए था। हमने नीट परीक्षा या बेरोजगारी के बारे में कुछ नहीं सुना। मणिपुर शब्द राष्ट्रपति या पीएम मोदी से नहीं निकला। भारत-चीन सीमा जैसे मुद्दों को संबोधन में उठाया जाना चाहिए था।*

## खबर संक्षेप

### जुलाई महीने में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक



**नई दिल्ली।** जुलाई में 12 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की के अनुसार जुलाई में पड़ रहे अवकाश में रीजनल, नेशनल हॉलिडे के साथ-साथ दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार की छुट्टियां शामिल हैं। एमएचआईपी डे, रथयात्रा, मुहर्रम और शहीद ऊधम सिंह दिवस पड़ रहे हैं। अलग-अलग राज्यों में छुट्टी के चलते बैंक बंद रहेंगे।

### कुशवाहा को राज्यसभा भेजने की अटकलें



**नई दिल्ली।** भाजपा उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेज सकती है। अटकलें हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कुशवाहा समाज को जोड़ने की कोशिश में भाजपा ऐसा प्लान बना रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खिसकने का एक कारण जातीय गणित का योजनाबद्ध प्लान नहीं बना पाना था भाजपा इस गलती को दोहराना नहीं चाहती है।

### सीएम मान की पोस्ट केजरीवाल झुकेंगे नहीं



**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर चाहे जितने भी अत्याचार किए जाएं वह झुकेंगे नहीं। मान का यह बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है।

### सिक्किम के पहले निर्वाचित सांसद नहीं रहे



**गंगटोक।** सिक्किम की सियासत का प्रमुख चेहरा रहे पहलमान सुब्बा का निधन हो गया। लोकसभा के पूर्व सदस्य पहलमान सुब्बा का लंबी बीमारी के बाद गंगटोक के समीप एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। सुब्बा ने सिक्किम जनता पार्टी के टिकट पर 1980 का चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा और 1984 तक सांसद रहे।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने किया सुसाइड




**कोटा।** राजस्थान का कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा से एक और दुखद खबर है। दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में रहकर नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। हॉस्टल के कमरे में छात्र मृत पाया गया। पुलिस छात्र को लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंची तो उसे मृत घोषित किया गया। मृतक छात्र ऋषित अग्रवाल बिहार के भागलपुर का रहने वाला था।

### राज्य सरकार ने फेरीवालों को भी नहीं बख्शा, प्रशासन ने हटा दिया

# भाजपा के कार्यालय पर भी चला बुलडोजर पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं में हाथापाई

**सीएम ममता ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज की**

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कोलकाता और उसके पड़ोसी क्षेत्र साल्ट लेक में फुटपाथों पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फेरीवालों पर भी रहम नहीं किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित राज्य के कई जिलों में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के निर्देश के बाद अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यालय तोड़ दिया। कोलकाता के तारातला के गोरागाचा में जहां भाजपा का ऑफिस तोड़ा गया, वहां जब पुलिस पहुंची तो भाजपा कार्यकर्ताओं से उनकी कहासुनी हो गई।

साथ ही, हाथापाई की भी नौबत आ गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पिछले दो दिन में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया है। भाजपा कार्यकर्ता एमबी महेश ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि बिना नोटिस के बुलडोजर से भाजपा कार्यालय क्यों गिरा दिया गया। यह एक तरह की ममता सरकार की तानाशाही है।

**फुटपाथ पर लगी दुकानों को भी तोड़ा**





### पुलिस को दिए थे हटाने के निर्देश

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता और साल्ट लेक में खाद्य पदार्थ, वस्त्र और विभिन्न उत्पाद बेचने के लिए दुकान लगाने वाले फेरीवालों को इन्हें हटाने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने मंगलवार सुबह से ही जेसीबी मशीन की मदद से भवानीपुर क्षेत्र में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के सामने के फुटपाथ, हाटीबागान और गरियाहाट इलाकों सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से अतिक्रमणकारियों को हटा दिया।

### जेसीबी से हटाए जा रहे अतिक्रमण

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम शहर के फुटपाथों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। सबसे पहले रेहड़ी-पटरी वालों कह रहे हैं कि वे अपने व्यवसाय चलाने बने अस्थायी ढांचों को हटा लें। वे सहयोग नहीं किए तो अतिक्रमण को हटाने के लिए हम जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। इस मामले में कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि हम शहर के फुटपाथों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि वे इसकी जानकारी दे दिए हैं।

### दो दिन में हजारों दुकानों को हटाया गया



पश्चिम बंगाल पुलिस ने पिछले 2 दिन में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया है। सीएम बेनर्जी ने फुटपाथ को कब्जा किए लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान को लेकर गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक भी कि थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता और साल्ट लेक में खाद्य पदार्थ, वस्त्र और विभिन्न उत्पाद बेचने के लिए दुकान लगाने वाले फेरीवालों को इन्हें हटाने के लिए कहा गया है। ऐसे में उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस ने मंगलवार सुबह से ही जेसीबी मशीन की मदद से भवानीपुर क्षेत्र में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के सामने के फुटपाथ, हाटीबागान और गरियाहाट इलाकों सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से अतिक्रमणकारियों को हटाना शुरू कर दिया है।

### आज सदन में उठाने की चर्चा

# सदन में नीट पेपर लीक मामले में विपक्ष काटेगा जमकर बवाल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष ने ये तय कर लिया है कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर भाषण देते हुए दोनों सदनों में शुक्रवार को नीट परीक्षा विवाद को जोरशोर से उठाया जाएगा। इस बीच सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उससे पहले पटना पुलिस ने स्थानीय स्तर पर कमोबेश इस पूरे मैटर को अंतिम पायदान तक पहुंचा दिया था, सो सरकार की तरफ से भी इस मसले पर जवाब देने की पूरी तैयारी है। विपक्ष की ओर से शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जाएगी तो सरकार की तरफ से जवाब जाएगा कि इस केस में केंद्र सरकार ने बच्चों के हक में पूरी तत्परता के साथ न सिर्फ परीक्षा रद्द की बल्कि गड़बड़ करने वालों की धड़पकड़ भी तेज की है। प्रधान ने एनटीए परीक्षा पद्धति को कसौटी पर कसने विशेष टीम बना दी है। एनटीए प्रमुख सुबोध सिंह की जगह प्रदीप सिंह खरोला की नियुक्ति कर दी गई है तो केंद्र के पास अपने बचाव में कहने को बहुत कुछ है।

वहीं विपक्ष के पास भी एक के बाद एक प्रतियोगी परीक्षा में पेपर्स लीक होने और गड़बड़ियों को उजागर करने को बहुत सारे तथ्य हैं। विपक्ष की कोशिश होगी संसद के माध्यम से आंदोलनरत युवाओं के बीच ये मैसेज दिया जाए कि विपक्ष पुरजोर तरीके से उनकी मांगों को संसद में उठा रहा है। पुर्णिया से निर्दलीय सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव ने तो बाकायदा 'री-नीट' लिखी हुई शर्ट पहनकर ही संसद आ रहे हैं। बिहार के युवाओं में यादव के आक्रामक तेवरों के कारण एक क्रेज है। विपक्षी दलो की ओर से यादव की भी कोशिश होगी कि वे इस मसले को अपने हिसाब से सदन में उठाएं।

### एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया

उससे पहले कांग्रेस के विद्यार्थी संगठन एनएसयूआई ने दिल्ली स्थित एनटीए कार्यालय को बंद किए जाने की मांग को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। राहुल गांधी ने खुद इस मामले को लेकर युवाओं को अपना समर्थन दिया है। उनके साथ अलग अलग बैच में अपने निवास स्थान पर मुलाकात भी की है।

कंपनी ने अब तक आधिकारिक बयान नहीं दिया

# बीएसएनएल के सर्वर में लगी 'सेंध' हैकर के हाथ पहुंचा 278जीबी डेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के सर्वर में सेंध लगने की खबर है। बताया जा रहाहै कि बीएसएनएल के करीब 278 जीबी डेटा हैकर्स के पास पहुंचा है। इस डाटा लीक में लोगों के सिम कार्ड से जुड़ी जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, घर का एड्रेस, सर्वर सिक्योरिटी कीज आदि शामिल हैं।

इन डेटा का इस्तेमाल गलत कार्यों में किया जा सकता है और इन डाटा की मदद से लोगों को साइबर ठगी का शिकार भी बनाया जा सकता है। इस डाटा लीक की जानकारी डिजिटल रिस्क मैनेजमेंट फर्म एथेनियन टीच टेक ने दी है। इस डाटा लीक की घटना को किबरफॉनटोम नाम के हैकर ने अंजाम दिया है। कहा जा रहा है कि यह डार्क वेब पर उसका निक नेम हो सकता है। अभी तक यह साफ नहीं है कि यह डेटा लीक किसी हैकर ने किया है या किसी हैकर ग्रुप ने।

फिलहाल किसी हैकर या समूह का नाम इसमें नहीं आया सामने




### सोलरिस सर्वर का डेटा भी शामिल

*रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि लीक हुए बीएसएनएल के इस डाटा में यूजर्स की जानकारी के अलावा भी कई संवेदनशील जानकारियां हैं। लीक डाटा में सर्वर का भी स्नैपशॉट शामिल है। लीक हुआ डाटा में इंटरनेशनल मोबाइल सब्सक्राइबर आइडेंटिटी नंबर के अलावा,सिमकार्ड की डीटेल, पिन कोड, ऑथेंटिकेशन कीज जैसी कई जानकारी हैं। लीक डाटा में बीएसएनएल के सोलरिस सर्वर का डाटा भी शामिल है। इन डाटा का इस्तेमाल सिम कार्ड क्लोनिंग के लिए भी हो सकता है। बीएसएनएल ने इस डाटा लीक पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।*

### कुछ शायराना अंदाज में फड़णवीस से मिले उद्धव



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो गया है। इस दौरान देवेंद्र फड़णवीस, एकनाथ शिंद, अजित पवार और उद्धव ठाकरे समेत तमाम दिग्गज नेता सदन में पहुंचे। उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फड़णवीस की मुलाकात की काफी चर्चा रही। दोनों नेता जब जा रहे थे तो वहां लिफ्ट के बाहर दोनों आमने-सामने आ गए। फिर ना-ना करते प्यार तुम्ही से कर बैठ अंदाज में बातें हुईं।


### परीक्षा लीक के बीच एक्टिव मोड में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय

# एनटीए परिसर में सीयूईटी परीक्षा की पर्ची लगे बक्से मिलने को फर्जी बताकर किया खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी विवाद के बीच सोशल मीडिया पर ऐसी अन्य केंद्रीय प्रवेश परीक्षाओं को लेकर नित नए हो रहे खुलासों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पैनी नजर है। इसमें वह न केवल गलत, तथ्य विहीन भ्रामक जानकारी के बारे में आमजन को आगाह कर रहा है।

बल्कि पीआईबी फैक्ट चैक के आधिकारिक मंच से इस तरह की सूचना को सिरे से खारिज भी कर रहा है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को मंत्रालय के संज्ञान में आया।



जिसमें एक निजी चैनल द्वारा प्रसारित खबर में यह दावा किया गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के परिसर में खुले आसमान के नीचे एक अन्य सीयूईटी परीक्षा के बक्से रखे हुए हैं। जिनकी सील टूटी हुई है। मीडिया में खबर प्रसारित होने के बाद शिक्षा मंत्रालय तुरंत हरकत में आया और उसने मामले की गहन पड़ताल की। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि सीयूईटी से जुड़े हुए यह तमाम बक्से खाली थे। इनमें परीक्षा से जुड़ी हुई कोई सामग्री नहीं थी। ऐसे में संबंधित खबर फर्जी है, पीआईबी फैक्ट चैक इसका खंडन करता है। बीते सप्ताहभर में मंत्रालय ने प्रवेश परीक्षाओं से जुड़ी ऐसी अन्य प्रचार सामग्री का खंडन किया है।

### हाउसिंग बोर्ड द्वारा अपनी 18 स्कीम रद्द करने से परेशानी में लोग

आवेदकों को 15% ब्याज के साथ लौटाई जाए जमा धनराशि

# भाजपा सरकार ने गरीबों और सैनिकों को ठगा, दस साल बाद भी नसीब नहीं छत, मात्र वादे किए : कुमारी सैलजा

***दो करोड़ की राशि सरकार ने एकत्रित कर ली, लेकिन इसका उपयोग फ्लैट बनाने की जगह किसी और मद में कर लिया गया, अब अन्य हवाला दे रहे हैं***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। 10 साल तक इनके रुपए बरतने वाला हाउसिंग बोर्ड न तो इनका घर का सपना ही साकार कर पाया है और न ही अब इन्हें 15 प्रतिशत ब्याज समेत राशि वापस करने को तैयार हो रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए हिसाब व करनाल में तथा बीपीएल परिवारों के लिए धारूहेड़ा, सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इन सभी 7 स्कीमों को रद्द कर दिया गया। इसके विपरित भाजपा की केंद्र सरकार का दावा था कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति को घर मुहैया जाएगा, लेकिन हरियाणा में रुपए लेने के बावजूद गरीबों को छत नसीब नहीं हो पाई है। कुमारी सैलजा ने गुरुवार को मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस, आर्थिक रूप से कमजोर व गरीबों के लिए फ्लैट स्कीम लॉन्च की थी। इनमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थी। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया, लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया। लोकसभा सांसद ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपए एकत्रित कर लिए और इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाए किन्हीं अन्य कार्यों में ही कर लिया। लोगों ने रुपए मांगने शुरू किए तो सरकार ने हाउसिंग बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देना शुरू कर दिया। आज तक लोगों के जमा रुपए ब्याज समेत लौटाने पर कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि डिफेंस के जेसीओ रैंक तक के सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए झज्जर, गुड़गांव, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, पिंजौर, रेवाड़ी, रोहतक, पलवल, सांपला आदि जगहों पर फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इनमें से कहीं पर भी कोई ईंट तक नहीं लगी। झज्जर सेक्टर-6 और फरीदाबाद सेक्टर-56 में जरूर कुछ फ्लैट बने हैं, लेकिन ये अभी इस स्थिति में नहीं हैं कि इन्हें अलॉट किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कीमों को अमल में न लाने के लिए जो भी अधिकारी व नेता जिम्मेदार रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही तमाम आवेदकों को कम से कम 15 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि वापस लौटानी चाहिए।

### कोर्ट की रेलवे को फटकार

# इस तरह लोकल ट्रेन की यात्रा पर रेलवे को शर्म आनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की लोकल ट्रेनों से हर रोज लाखों लोग यात्रा करते हैं। खचाखच भरी ट्रेनों में कई बार यात्री हादसे का शिकार हो जाते हैं।

अब यात्रियों की मौत के आंकड़ों को बढ़ता देख बॉम्बे हाईकोर्ट ने मध्य और पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधकों को फटकार लगाई है। उन्होंने उनसे व्यक्तिगत रूप से जांचे गए हलफनामे मांगे। अदालत ने इस गंभीर मुद्दे को सुलझाने के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल देवांग व्यास से भी सहायता मांगी। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र उपाध्याय ने




सुनवाई के दौरान कहा कि इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मुझे खेद है। मुझे इस बात पर शर्म आती है कि यात्रियों को किस तरह स्थानीय स्तर पर ऐसी यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें उनकी जान तक चली जाती है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आशा है कि प्रति हजार यात्रियों पर मृत्यु दर लंदन से कम हो जाएगी।

क्रिकेट: कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए

# सेमीफाइनल में भारत ने दिया 172 रन का लक्ष्य इंग्लैंड के 68 रन के अंदर 6 खिलाड़ी आउट


■ सूर्यकुमार यादव ने 47 रन की पारी खेली

भाषा ▶▶| जॉर्जटाउन (गयाना)



भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के सामने 172 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 171 रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड के 68 रन के अंदर 6 खिलाड़ी आउट हो गए थे। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 47 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। हालांकि, भारतीय पारी के 18वें ओवर में जॉर्डन हैट्रिक से चूक गए। उन्होंने लगातार दो गेंद पर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को आउट किया था।

जॉर्डन इस टी-20 विश्व कप में एक हैट्रिक पहले ही ले चुके हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही थी। विराट कोहली (9) और ऋषभ पंत (4) कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद रोहित ने सूर्या के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। रोहित ने इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 32वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने सैम करन की गेंद पर छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, इसके बाद वह तुरंत आउट हो गए। आदिल रशीद ने रोहित को क्लीन बोल्ड किया। हिटमैन ने 39 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेली। सूर्या भी 36 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांड्या ने 13 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 23 रन बनाए। दुबे गोल्डन डक का शिकार हुए। अक्षर पटेल ने छह गेंद में एक छक्के की मदद से 10 रन बनाए। जडेजा नौ गेंद में दो चौके की मदद से 17 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए 171 रन का बचाव करना होगा। रोहित ने 13वें ओवर में सैम करन की गेंद पर छक्का लगाकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 32वां अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 92 रन की पारी खेली थी। रोहित ने अर्धशतक के लिए 36 गेंद लिए।



### बारिश से खेल हुआ बाधित

रात 11 बजकर 10 मिनट पर मैच फिर से शुरू होगा। बारिश के कारण करीब एक घंटे का खेल बाधित हुआ। बारिश की वजह से मैच रुकने तक भारत ने आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन बना लिए थे। फिलहाल रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर नाबाद हैं। प्लेइंग कंडीशन में बदलाव की वजह से ओवर्स में कोई कटौती नहीं हुई है।

## अफ्रीका 'चोकर्स' नहीं 'विनर्स', पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में बनाई जगह

अफगानिस्तान का सपना टूटा, 9 विकेट से मिली हार



एजेंसी ▶▶| तारोबा



अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे 9 विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन मार्करम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

---

### खबर संक्षेप

#### लंदन में आयोजित होगी वैश्विक शतरंज लीग

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे।

#### बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल


**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। भारत के



पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा, 'बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं।' बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं।

## किरण ने 400 मीटर में स्पर्धा में हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| पंचकुला



हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया।

महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के




समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

### टेस्ट : भारत की युवा खिलाड़ियों पर नजर

**चेन्नई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी।



## रोनाल्डो से हुई बातचीत से प्रेरित हो ख्विचा ने पुर्तगाल को हराया



एजेंसी ▶▶| गेलसेनकिरचेन

यूरो 2024

मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया।

रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढ़त बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा। पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा।

### बेल्जियम अंतिम 16 में पहुंचा



**स्टटगार्ट।** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा।

### मुगुरुजा डब्लूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा सउदी अरब में 2024-26 में होने वाले डब्लूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरुजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैंपियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरुजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।



## श्रीलंकाई कोच सिल्वरवुड ने पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिए फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'



### रहाणे ने लीसेस्टरशर के साथ किया अनुबंध

**लीसेस्टर।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैंपियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में भी खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैंपियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं।

विश्व कप के नॉकआउट चरण में दक्षिण अफ्रीका हारकर होती है बाहर

# जीती हुई बाजी को हारने के कारण लगा चोकर्स का धब्बा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हारकर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं लेकिन क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीतकर हार जाने वाले को 'चोकर्स' कहते हैं। बात हो रही है दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम की जो बड़े टूर्नामेंट खासकर वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन करने के बावजूद अहम मौके पर हार जाती है। शायद यही कारण है कि दिग्गजों से भरी हुई दक्षिण अफ्रीकी टीम कई मौके मिलने के बावजूद आज तक कभी भी वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका को दबाव के आगे घुटने टेकने वाले 'चोकर्स' कहा जाने लगा लेकिन एक मैच ने दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिए। अफगानिस्तान को तारोबा में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नौ विकेट से हराकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका टीम फाइनल में पहुंची तो न जाने कितने सालों के जख्मों पर मरहम लग गया।

**1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दबाव के आगे घुटने नहीं टेके लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। रंगभेद के कारण बाईस साल का निष्कासन झेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी दक्षिण अफ्रीका के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और चुस्त फील्डर थे। लेकिन सेमीफाइनल में बारिश आई और उसे सात गेंद से 22 रन की बजाय अब एक गेंद में 22 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला।

**1996 विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
सभी ग्रुप मैच जीतने के बाद हैंसी क्रोन्ये की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन ब्रायन लारा की जबर्दस्त बल्लेबाजी के बाद रोजर हार्पर और जिम्मी एडम्स की फिरकी के जाल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फंसते चले गए और 19 रन से हार गए।



**1999 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का सबसे निराशाजनक मैच। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे लांस क्लूसनर को जिसने 'ट्रेजेडी किंग' बना दिया। जीत के लिए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। आखिरी जोड़ी क्रीज पर थी। क्लूसनर ने पहली दो गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एलेन डोनाल्ड रन आउट हो गए और मैच टाई हो गया।

**2007 विश्व कप सेमीफाइनल**
पहले बल्लेबाजी का दक्षिण अफ्रीका का फैसला गलत साबित हुआ । ग्रीम स्मिथ, हर्शल गिब्स , जाक कैलिस, एबी डिविलियर्स और मार्क बाउचर जैसे धुरंधर 149 के स्कोर पर आउट हो गए । आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहते मैच जीता।

**2009 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, भारत को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई । लेकिन शाहिद अफरीदी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने टीम 150 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सकी ।

**2011 वनडे विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
एबी डिविलियर्स, फाफ डु प्लेसी, ग्रीम स्मिथ, जाक कैलिस और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गज न्यूजीलैंड के खिलाफ 222 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। एक समय 25 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाने के बाद अगले सात विकेट 64 रन पर गंवा दिए।

**2013 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका का स्कोर आठ विकेट पर 80 रन था जिसके बाद डेविड मिलर और रोरी क्लेनवेल्ट ने इसे 175 रन तक पहुंचाया। जोनाथन ट्रॉट के नाबाद 82 रन की मदद से इंग्लैंड ने 12 ओवर और सात विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।

**2014 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
भारतीय टीम ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन करके दक्षिण अफ्रीका को हराया।

**2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों की सुनहरी पीढ़ी। हर विभाग में उत्तम लेकिन फिर सेमीफाइनल हारे। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराकर फिर दक्षिण अफ्रीका का दिल तोड़ा।

**2022 टी20 विश्व कप सुपर 12**
सेमीफाइनल से एक जीत दूर दक्षिण अफ्रीकी टीम को नीदरलैंड ने 13 रन से हराकर उलटफेर कर दिया था।

**2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतिम चार के अहम मुकाबले में एक बार फिर 'चोकर' साबित हुई दक्षिण अफ्रीका टीम।


### पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष व्यक्ति **नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, निवासी: अज्ञात, थाना बारा हिंदू राव के क्षेत्र में दुकान नंबर 303, के सामने मेन बहादुरगढ़ रोड, दिल्ली** से सुबह **10:30** बजे मृत पाया गया था। पहचान के लिए शव को **72** घंटे के लिए **हिंदू राव अस्पताल** की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में **डीडी नंबर: 21A, दिनांक 17.06.2024** के तहत **थाना, बारा हिंदू राव, दिल्ली** में मामला दर्ज कराया गया है।



**मृतक का विवरण इस प्रकार है:**

**नाम:** अज्ञात, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 55 वर्ष, **रंग:** गेहुंआ, **ऊंचाई:** 5' 7", **पहचान चिह्न:** बाएं हाथ की तर्जनी उंगली नाखून से कट गई है।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के लिए गंभीर प्रयास किये गये लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है. यदि किसी को मृतक के बारे में जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना बारा हिंदू राव, दिल्ली**
**DP/7674/N/2024** फ़ोन नं. **93119256398, 8750870125**




### यूएन में पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग, भारत ने फटकारा

# पाक में बाल अधिकारों के हनन से ध्यान भटकाने को उठाया जम्मू-कश्मीर का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




(संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र)

भारत ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के मंच पर जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है। मामला परिषद में बच्चों पर हुई एक ताजा खुली बहस से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर बेबुनियाद और आधारहीन टिप्पणी की थी। इसके जवाब में यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि आर.रविंद्रन ने पाक को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पर की गई पाक की टिप्पणी आदतन, राजनीति से प्रेरित और भारत के खिलाफ दुर्भावना से जुड़ी हुई है। यह केवल पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध और उनके अधिकारों के उल्लंघन के मामलों से दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जहां तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का प्रश्न है, तो यह समूचा भूभाग भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

#### चुनौती पर काफी कुछ किया जाना बाकी

आर. रविंद्रन ने कहा कि बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर यूएनएससी के प्रस्ताव 1261 के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। हम संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के प्रयासों की सराहना करते हैं। लेकिन इस मामले से निपटने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उक्त संघर्ष में बच्चों के खिलाफ होने वाले उल्लंघनों की भयावहता गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में बाल उल्लंघन, उनके साथ होने वाली यौन हिंसा और आतंकी कृत्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## श्रीलंका की जेलों में बंद मछुआरों के मामले पर आमने-सामने केंद्र-तमिलनाडु सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों के मामले की गूंज एक बार फिर से देश की राजनीति में सुनाई देने लगी है। तमिलनाडु और केंद्र की मोदी सरकार मामले पर आमने-सामने हैं। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर को कुछ पत्र लिखकर (19, 24 और 25 जून) मछुआरों की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके जवाब में विदेश मंत्री ने गुरुवार को त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई के लिए भारत सरकार (विदेश मंत्रालय) लगातार प्रयासरत है। कोलंबो में मौजूद भारतीय दूतावास और जाफना स्थित वाणिज्य दूतावास लगातार इन मामलों को तेजी के साथ श्रीलंकाई पक्ष के सामने उठा रहे हैं। जिससे जल्द से जल्द मछुआरों की रिहाई कराई जा सके। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में तमिलनाडु सीएम को लिखे अपने पत्र की एक प्रति साझा करते हुए यह जानकारी दी।

■ तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के पत्रों के जवाब में बोले जयशंकर, जल्द रिहाई के लिए प्रयासरत सरकार

#### श्रीलंका की जेलों में बंद 40 भारतीय मछुआरे

विदेश मंत्री ने अपने जवाब में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को बताया कि बीते बुधवार तक श्रीलंका की जेलों में कुल 40 भारतीय मछुआरे बंद हैं। इनमें से 34 श्रीलंका की न्यायिक हिरासत में हैं और 6 अन्य ऐसे हैं जो कि दोषी करार दिए जाने के बाद श्रीलंकाई जेल में अपनी सजा काट रहे हैं। लेकिन बंदी मछुआरों की जल्द से जल्द रिहाई के लिए कोलंबो में भारतीय उच्चायोग और जाफना में वाणिज्य दूतावास लगातार मामलों को श्रीलंका के समक्ष पुरजोर ढंग से उठा रहे हैं।

#### जयशंकर ने स्टालिन को दिलाई 1974 की याद

एस.जयशंकर ने अपने पत्र में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भारत और श्रीलंका के बीच बनी हुई मछुआरों की समस्या की याद दिलाते हुए कहा इसकी मूल उत्पत्ति वर्ष 1974 से जुड़ी हुई है। जिसमें तत्कालीन केंद्र और राज्य सरकार के बीच बनी समझ की अहम भूमिका है। वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा वर्ष 2014 में केंद्र में सरकार बनाने के बाद केंद्र सरकार ने मछुआरों के समुदाय की आजीविका और उनसे जुड़े हुए मानवीय हितों के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया है। यह प्रयास कई आयामों के साथ लगातार जारी हैं। इसमें श्रीलंका की सरकार को भी शामिल किया गया है। आप (तमिलनाडु सीएम) आश्वस्त रहें कि हम भारतीय मछुआरों के कल्याण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और आगे भी हमेशा देते रहेंगे। गौरतलब है कि विदेश मंत्री ने हाल ही में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में श्रीलंका का दौरा किया था। इसमें आपसी सहयोग से जुड़े मामलों में उन्होंने संभवतः श्रीलंका के राजनीतिक नेतृत्व के समक्ष भारतीय मछुआरों के मामले को भी उठाया था।

## डीआरडीओ ने किया 'अभ्यास' का छठा सफल परीक्षण, रक्षा मंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



■ कई मिसाइलों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जाएगा

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा सकी चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टार्गेट (हीट) अभ्यास का छठा सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी कामत ने इस सफलता के लिए वैज्ञानिकों, सशस्त्र सेनाओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस परीक्षण के साथ ही अभ्यास ने अपने दस विकासात्मक परीक्षण सफलता के साथ पूरे कर लिए हैं। अभ्यास को संगठन की बेंगलुरु स्थित एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट प्रयोगशाला ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। अब यह उत्पादन के लिए तैयार है। अभ्यास मूलरूप से एक ड्रोन है। जिसे कई मिसाइलों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जाएगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर इसे एक नकली विमान के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है।

## अमेरिका के बाद मिस्र और यूनान के आसमान में सुनाई दी राफेल विमानों की गूंज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अमेरिका में हालिया संपन्न हुए रेड फ्लैग युद्ध अभ्यास में भागीदारी करने के बाद राफेल लड़ाकू विमान बीते बुधवार को भारत लौटे हैं। लेकिन अपनी इस स्वदेश यात्रा के दौरान राफेल विमानों की गूंज मिस्र और यूनान के आसमान में भी सुनाई दी।

यहां बता दें कि अमेरिका में आयोजित युद्ध अभ्यास में कुल करीब आठ राफेल विमानों ने भाग लिया था। वायुसेना के मुताबिक, भारत वापसी के दौरान वायुसेना का दल पुर्तगाल के लाजोस में ईंधन भरवाने के लिए रुका था। जहां भारतीय राजदूत मनीष चौहान ने वायुसेना के दल का स्वागत किया। वायु कर्मियों से बातचीत की और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इसके बाद सैन्य टुकड़ी दो टीमों में विभाजित हो गई और उसने मिस्र और यूनान की हेलेनिक वायुसेना के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास किया। मिस्र में राफेल विमानों ने महान पिरामिडों के ऊपर से उड़ान भरी। जबकि यूनान के आसमान में राफेल विमानों ने हेलेनिक वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों के साथ उड़ान भरते हुए अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। वायुसेना द्वारा किए गए इन अंतरराष्ट्रीय युद्ध अभ्यासों के जरिए उसके वैश्विक सैन्य सहयोग और अंतर संचालन को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### अल्पसंख्यकों को लेकर उठाए कई सवाल

## अमेरिका ने भारत को धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में घेरा, भारत ने बताया दुष्प्रचार किया जाता है

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



अमेरिका भारत से भले कितनी ही दोस्ती की बातें करता हो, लेकिन भारत को देखने का उसका नजरिया वही पुराना है। तभी तो अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक आजादी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यहां तक कहा गया है कि भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। हेट स्पीच, धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर भी चिंता जताई गई है। बीजेपी को भी घेरा गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय हर साल अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट जारी करता है। इसमें कई देशों के हालात के बारे में टिप्पणी की जाती है। लेकिन पिछले कई वर्षों से इस रिपोर्ट में भारत की आलोचना की जाती रही है।

#### धार्मिक आजादी को लेकर भारत की प्रतिक्रिया



इस रिपोर्ट को लेकर भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही साफ रही है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस तरह से हरेक साल भारत के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता है। रिपोर्ट में कुछ कानूनों का भी जिक्र किया गया है। जैस- यूएपीए, एफसीआरए, सीएए और गोहत्या कानून। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च को लेकर समीक्षा की गई है। इसमें कहा गया है कि यह एक एनजीओ है, और इसने भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को लेकर जैसे ही बात की, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई।

### घर से संदिग्ध सामान जब्त

## राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू, मंत्री समेत 3 गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ माले

मालदीव की पुलिस ने देश के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में उनकी सरकार में राज्य मंत्री को गिरफ्तार किया है। जादू-टोना करने के मामले में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार में पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमा शमनाज अली सलीम समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मालदीव की पुलिस ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

#### शमनाज के पूर्व पति भी निलंबित

*फातिमा शमनाज के पूर्व पति आदम रमीज भी राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय में काम करते थे। रमीज को भी निलंबित कर दिया गया है। रमीज राष्ट्रपति मुइज्जू के करीबी माने जाते थे। राज्य मंत्री फातिमा शमनाज राष्ट्रपति भवन में भी राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुकी हैं। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति बनने से पहले जब मुइज्जू माले नगर निगम के मेयर थे।*

### इस साल के अंत तक समझौते पर हो सकते हैं हस्ताक्षर

## नौसेना के लिए तेज हुई राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद की प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के लिए जारी 26 राफेल-मरीन (एम) लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया तेज हो गई है। भारत और फ्रांस के बीच विमानों की मूल कीमत पर हाल ही में पहले दौर की चर्चा हुई है। इसके बाद आने वाले समय में चर्चाओं के ऐसे कई और दौर होने की संभावना है। जिनके पूरा होते ही इस साल के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन विमानों की खरीद के लिए भारतीय नौसेना अपनी तकनीकी और क्षेत्रीय जरूरतों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उक्त चर्चाओं में भारतीय प्रशासनिक सेवा का संयुक्त सचिव रैंक का अधिकारी और नौसेना की ओर से एक कमोडोर रैंक के अधिकारी शामिल हैं।



#### विक्रमादित्य, विक्रांत पर उतरेंगे राफेल-एम



#### नौसैन्य दल ने की अंबाला की यात्रा

सूत्रों ने बताया कि हाल ही में नौसेना के एक दल ने हरियाणा में मौजूद अंबाला वायुसैन्य अड्डे का भी दौरा किया है। जहां पर वायुसेना को फ्रांस की तरफ से सौंपे गए राफेल लड़ाकू विमानों की दो में से एक स्क्वाड्रन यानी कुल करीब 18 विमान तैनात हैं। नौसैन्य दल ने अपनी इस यात्रा में मुख्यतः इस अत्याधुनिक लड़ाकू विमान की समान रूप से की जाने वाली मरम्मत और रखरखाव के मामले को जांचा परखा। वायुसेना ने राफेल विमानों की दूसरी स्क्वाड्रन पश्चिम बंगाल के हासीमारा वायुसैन्य अड्डे पर तैनात की है। यहां इनकी तैनाती पूर्वोत्तर में चीन सीमा से मिलने वाली चुनौती के मद्देनजर की गई है। जबकि अंबाला वाली राफेल की स्क्वाड्रन पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान की किसी भी नापाक चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैनात की गई है।

यहां बता दें कि 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों को भारतीय नौसेना अपने जंगी बेड़े में पहले से मौजूद आईएनएस विक्रमादित्य और देश के पहले स्वदेश में निर्मित विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के डेक पर तैनात करना चाहती है। लेकिन इनकी औपचारिक रूप से खरीद करने से पहले वह विमान के कृत्रिम स्वरूप को अपनी तमाम जरूरतों की कसौटी पर कसना चाहती है। 26 में से 22 राफेल विमान एक सीट वाले और 4 दो सीटों वाले होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109